बिलासपुर, शुक्रवार 16 मई 2025 haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### नशा करके गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर होंगे निलंबित

*इस व्यवस्था के तहत किसी भी वाहन चालक पर दवाओं या शराब के उपयोग पर शून्य सहिष्णुता नीति लागू होगी। जब किसी यात्री को यह संदेह होगा कि वाहन चालक गाड़ी चलाते समय नशीली दवाओं के प्रभाव में है। शून्य सहिष्णुता नीति के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए यात्री की शिकायत मिलने पर एग्रीगेटर द्वारा तुरंत ऐसे ड्राइवर को बोर्ड से बाहर कर देगा, तत्काल निलंबन किया जाएगा या एग्रीगेटर द्वारा जांच की अवधि के दौरान निलंबन जारी रहेगा।*

- महिला यात्रियों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन
- नशा करके गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर होंगे निलंबित

## छग में आईटी आधारित व्हीकल पालिसी यात्रियों को मिलेगी सुरक्षा, एक्सीडेंट होंगे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने परिवहन क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित मोटर वाहन एग्रीगेटर पॉलिसी 2025 की शुरुआत की है। यह नीति राइड-हेलिंग सेवाओं, जैसे ओला, उबर और अन्य स्थानीय कैब एग्रीगेटर्स को



विनियमित करने के साथ डिजिटल तकनीक के माध्यम से परिवहन को अधिक सुरक्षित, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ड्राइवरों के लिए ये होगी अनिवार्यता

नीति में चालकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक चालक को पुलिस सत्यापन, मेडिकल फिटनेस टेस्ट और ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता होगी। इसके अलावा, वाहनों को नियमित फिटनेस जांच और प्रदूषण नियंत्रण ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ई वाहनों को मिलेगी छूट

पर्यावरण संरक्षण भी इस नीति का एक प्रमुख पहलू है। नीति में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन शामिल हैं, जैसे कि ईवी चालकों के लिए कर छूट और चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना। यह कदम राज्य में वायु प्रदूषण को कम करने और हरित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति छत्तीसगढ़ को तकनीकी रूप से उन्नत और निवेश-अनुकूल राज्य के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके परिवहन सेवाओं को और अधिक कुशल बनाया जा सकता है।

**जवानों से बोले सीएम**

नक्सल ऑपरेशन की कामयाबी के बाद साय पहुंचे बस्तर

बढ़ाया हौसला

## 44 डिग्री में नक्सली ऑपरेशन के लिए डटे रहे, ऐसे साहस को सलाम

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बीजापुर जिले के उसूर तहसील के अंदरूनी गांव गलगम पहुंचे, जहां उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हालिया नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर चर्चा की और उनका हौसला बढ़ाया। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने करेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 माओवादियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे से उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। यह न केवल बीजापुर बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गलगम और करेगुट्टा का क्षेत्र लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ माना जाता रहा है और इस अभियान ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है।

सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात के दौरान साय ने उनके साहस की सराहना की और कहा कि आपके शौर्य और निष्ठा से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई को जीत रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के ▶▶|शेष पेज 6 पर




### भीषण गर्मी में भी ऑपरेशन

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमें सरकार में आए डेढ़ साल हुए हैं और इस अवधि में हमने राज्य में सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप लगातार अनेक कठिन नक्सल विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। आप 44 डिग्री की गर्मी में भी ऑपरेशन चलाते हैं। ऐसे जवानों के अदम्य साहस को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षा कैम्प को सुविधा कैम्प मानते हैं क्योंकि सुरक्षा कैम्प के माध्यम से अब बस्तर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला पीएम आवास

अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीण हितग्राहियों से भी मुलाकात की और उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए पीएम आवास योजनांतर्गत स्पेशल ▶▶|शेष पेज 6 पर



### नक्सल मुठभेड़ में घायल जवानों से मिले शाह

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली एम्स का दौरा किया और छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान घायल हुए पांच सुरक्षा बलों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उन्होंने घायल सभी जवानों के बिस्तरों तक जाकर उनके कंधे पर हाथ रखकर जानकारी ली और उनके साहस की प्रशंसा की। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते चिकित्सकों से बेहतर उपचार करने को कहा। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दिल्ली, एम्स में भर्ती घायल सीआरपीएफ जवानों के बारे में अमित ▶▶|शेष पेज 6 पर

### साय ने शाह का जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने करेगुट्टा नक्सल विरोधी अभियान में घायल सुरक्षाबल के जवानों से दिल्ली एम्स में भेंट करने और उनका मनोबल बढ़ाने हेतु केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। साय ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति और समावेशी विकास के लिए पूर्ण संकल्पित है।

## कंठी घाट में पलटी बारातियों से भरी बस, महिला समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

- 60 को अस्पताल में कराया गया भर्ती

बलरामपुर जिले के चांदो थाना अंतर्गत कंठी घाट में बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ ही इस घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। घटना के दौरान बस में 70 से 80 लोग सवार थे। इस हादसे में बस में सवार एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 57 लोग घायल ▶▶|शेष पेज 6 पर



### क्षमता से अधिक सवारी

दुर्घटना के कारणों का फिलहाल अब तक पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है कि जिस बस में बारातियों को ले जाया जा रहा था वह काफी खस्ताहाल थी। बस काफी पुरानी और जर्जर थी लेकिन कमाई के चक्कर में बस मालिक ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

जारी हुआ वार्षिक कैलेंडर

## यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स 24 मई, मेंस 21 अगस्त को

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने 2026 में होने वाली यूपीएससी की महत्वपूर्ण भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। यूपीएससी कैलेंडर के अनुसार, सिविल सेवा (प्रारंभिक) 2026 24 मई 2026 को आयोजित की जाएगी और मुख्य परीक्षा 21 अगस्त 2026 से शुरू होगी। उम्मीदवार, ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पूर्व रक्षा सचिव ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार ने गुरुवार को यूपीएससी के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राज शुक्ला ने कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

डीपीआई द्वारा लॉटरी निकाले जाने के बाद जारी है प्रवेश प्रक्रिया

## निजी स्कूलों में निशुल्क दाखिला लेने रायपुर अव्वल, सुकमा सबसे पीछे, यहां सिर्फ 88 प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रथम आरटीई के अंतर्गत प्रथम चरण की लॉटरी बीते दिनों निकाली गई। सीट आवंटन के बाद विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस बार निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने दाखिला लेने में राजधानी रायपुर अव्वल है। प्रथम चरण की लॉटरी में यहां के 4 हजार 510 छात्रों को सीट आंवटित की गई है। अब वे संबंधित ▶▶|शेष पेज 6 पर




### राजनांदगांव से बेहतर प्रदर्शन जांजगीर का

*जांजगीर-चांपा में 7116 पालकों ने आरटीई के लिए आवेदन किया था। इनमें से 5142 स्वीकृत हुए और 3460 को सीट आवंटित हुई। राजनांदगांव में 4227 प्राप्त आवेदनों में से 3038 स्वीकृत हुए तथा 1576 को सीट वितरित की गई। इसी तरह बिलासपुर में 7685* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सबसे कम आवेदन दंतेवाड़ा में

*आरटीई के अंतर्गत सबसे कम आवेदन दंतेवाड़ा में प्राप्त हुए हैं। यहां सिर्फ 143 आवेदन ही मिले। इनमें से 109 को स्वीकार किया गया, जबकि 34 को दस्तावेजों के अभाव में निरस्त किया गया। यहां के 15 स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत 165 सीटें हैं। इनमें से 105 सीटों का आवंटन हो चुका है। आवेदन संख्या में कमी के मामले में* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### प्रथम चरण में

- जिले-33
- स्कूल-6628
- आरटीई सीट - 52 हजार 7
- प्राप्त आवेदन - 1 लाख 5 हजार 372
- स्वीकृत आवेदन- 69 हजार 560
- आवंटित सीटें- 40 हजार



*केंद्र सरकार ने तुर्की की एक कंपनी, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सेलेबी कंपनी की सिक्योरिटी क्लीयरेंस रद्द कर दी है। यह कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करती है। इसका मतलब है कि हवाई अड्डे पर यात्रियों की मदद करना, सामान का ध्यान रखना और विमानों के संचालन में मदद करना जैसे काम ये कंपनी करती है। सेलेबी कंपनी मुंबई एयरपोर्ट पर लगभग 70% ग्राउंड ऑपरेशन्स संभालती है। इसमें यात्रियों की सेवा, लोड कंट्रोल, फ्लाइट ऑपरेशन्स, कार्गो और पोस्टल सर्विस, वेयरहाउस और ब्रिज ऑपरेशन्स जैसे काम शामिल हैं।*

# अब भारतीय हवाई अड्डों पर काम नहीं कर पाएगी तुर्की की कंपनी सेलेबी

## तुर्की की कंपनी पर एक्शन, केंद्र ने रद्द की सुरक्षा मंजूरी, अब देश के सभी एयरपोर्ट से होगी छुट्टी!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के आदेश में कहा गया है, 'सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के तौर पर डीजी, बीसीएएस ने 21 नवंबर 2022 को सिक्योरिटी क्लीयरेंस दी थी। लेकिन अब डीजी, बीसीएएस को मिली शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लीयरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है। यह फैसला देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।' पाकिस्तान का साथ देने वाले तुर्की के भरोसे है दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट्स की सुरक्षा! थोड़ी सी चूक पड़ सकती है भारी

### इसलिए लिया एक्शन

दरअसल, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था। इससे भारत और तुर्की के रिश्तों में खटास आ गई है। इसके जवाब में, भारत ने भी अपनी विदेश नीति में बदलाव किया है। भारत, तुर्की के विरोधी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है और क्षेत्र की बड़ी ताकतों के साथ दोस्ती बढ़ा रहा है। भारत ने तुर्की के प्रभाव को कम करने के लिए कुछ देशों के साथ अपनी दोस्ती को और मजबूत किया है। इसमें ग्रीस, आर्मेनिया और साइप्रस जैसे देश शामिल हैं। ये देश ऐतिहासिक रूप से तुर्की के विरोधी रहे हैं। पहले खबर आई थी कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर भारतीयों ने तुर्की और अजरबैजान का बहिष्कार किया था। अब सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाया है।




### 9 एयरपोर्ट पर सुरक्षा का काम

सेलेबी एविएशन देश के नौ एयरपोर्ट्स पर सुरक्षा का काम देखती है। इनमें दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डे भी शामिल हैं। यह कंपनी भारत में सालाना 58,000 उड़ानों को मैनेज करती है। तुर्की की यह कंपनी भारत में कई तरह के काम करती है। इनमें ग्राउंड हैंडलिंग, कार्गो मैनेजमेंट और एयरपोर्ट से जुड़े कई दूसरे ऑपरेशंस शामिल हैं। ये सभी काम बहुत ही संवेदनशील माने जाते हैं क्योंकि एयरपोर्ट का माहौल बहुत ही सुरक्षित और नियमों से बंधा होता है। सुरक्षा में जरा सी भी चूक भारी पड़ सकती है।

## इधर डीयू, जामिया, कानपुर ने भी खत्म किए तुर्की से एमओयू

**नई दिल्ली।** अब भारत ने पाकिस्तान के बाद उसके मददगारों पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में अब तुर्की के खिलाफ पूरा देश खड़ा हो गया है। कारोबारियों ने सामानों को बॉयकॉट कर दिया है और लोगों ने तुर्की जाने से तौबा कर लिया है। इसके साथ ही बड़े शिक्षा संस्थानों ने भी एक झटके में तुर्की से सारे रिश्ते-नाते खत्म कर लिए हैं। देश के टॉप शिक्षा संस्थानों में शुमार जेएनयू, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी जैसे कई संस्थानों ने तुर्की से रिश्ते खत्म कर लिए हैं। अब शिक्षा को लेकर तुर्की से कोई आदान-प्रदान नहीं होगा. ऐसे में जानते हैं कि देश के शिक्षण संस्थान किस तरह तुर्की का विरोध कर रहे हैं और किन फैसलों के जरिए तुर्की से खुद को अलग कर रहे हैं।

### जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी

वहीं, जामिया ने भी तुर्की के शिक्षण संस्थानों से हर सहयोग स्थगित कर दिया है। जामिया मिलिया इस्लामिया की ओर से जारी की गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए जामिया ने तुर्की गणराज्य की सरकार से संबंधित सभी संस्थान से किए गए एमओयू को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। जामिया का कहना है कि हमने तुर्की के सभी एजुकेशनल संस्थान के साथ अपने सभी सहयोग को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है।

### जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय ( जेएनयू)

जेएनयू ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने अकादमिक सहयोग को स्थगित कर दिया है।यह फैसला दोनों संस्थानों के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) की दोबारा समीक्षा के बाद लिया गया. जेएनयू के कुलपति शांतिश्री धुलिपुरी पंडित ने कहा कि 'हमने इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को तोड़ दिया है, समझौते के लिए छह महीने पहले नोटिस देना जरूरी है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर हम अपने सशस्त्र बलों के साथ खड़े हैं।'

## विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनाया था सख्त रुख

# स्थगित ही रहेगा पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुई कार्रवाई और अन्य प्रतिबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित ही रहेगा और यह तब तक स्थगित रहेगा जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के साथ अपने संबंधों को पूरी तरीके से खत्म नहीं कर देता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मंगलवार (13 मई) को ही इस बात की पुष्टि कर दी थी कि पाकिस्तान के साथ हुआ युद्धविराम समझौता उनके पहले की गई कार्रवाईयों को किसी तरह से प्रभावित नहीं करते हैं, जिसमें सिंधु जल समझौता को निलंबित करना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से लिया था। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक में जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के 100 से ज्यादा आतंकवादी ढेर हो गए थे। इसके बाद दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया था।

**पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को मिटाने उठाए गए हैं कई कड़े कदम**



### केवल आतंकवाद पर ही होगी बातचीत

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद के विषय पर ही होगी। आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह से तबाह कर दिया। जयशंकर ने कहा, 'पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर हमलोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी समर्थन मिला।'

### द्विपक्षीय रहेंगे भारत-पाक संबंध

विदेश मंत्री ने साफ किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध पूरी तरह से द्विपक्षीय ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह सालों से राष्ट्रीय सहमति है और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक लिस्ट है, जिसे सौंपे जाने की जरूरत है, और उन्हें आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे बातचीत हैं, जो संभव हैं।

## 2.5 लाख लड़कियों को 'पढ़ाएगा' अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन

**बेंगलुरु।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने स्कूल के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों की मदद के लिए बृहस्पतिवार को अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति की घोषणा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बेहर ने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए बताया कि उन्होंने 18 राज्यों को लेकर फैसला किया है जिनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं।

**मणिपुर के चंदेल की घटना, मुठभेड़ में भारी हथियार बरामद**

# असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, 10 उग्रवादी ढेर

एजेंसी ▶▶ इंफाल/चंदेल

मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। सेना के पूर्वी कमान ने देर रात यह जानकारी दी। यह अभियान भारत-म्यांमार सीमा के पास स्थित न्यू समतल गांव के पास चलाया गया। भारतीय सेना ने बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि न्यू समतल गांव (खेंगजॉय तहसील, चंदेल जिला) के आसपास सशस्त्र उग्रवादियों की आवाजाही हो रही है। इसके बाद असम राइफल्स की एक टुकड़ी ने 14 मई 2025 को इस इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। पूर्वी कमान द्वारा जारी बयान में कहा कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स ने कार्रवाई शुरू की। इस दौरान उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके जवाब में जवानों ने संयमित और रणनीतिक तरीके से जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में 10 उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया, साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। हालांकि, मारे गए उग्रवादियों की पहचान अब तक उजागर नहीं की गई है।

### अभियान अब भी जारी

सेना ने यह भी बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है, और सुरक्षा बल क्षेत्र में पूरी सतर्कता से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। चंदेल जिला भारत-म्यांमार सीमा से सटा संवेदनशील क्षेत्र है, जहां उग्रवादी गतिविधियाँ अक्सर सामने आती रही हैं। सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-म्यांमा सीमा के करीब चंदेल जिले में न्यू समताल गांव के पास सशस्त्र उग्रवादियों की आवाजाही की खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, असम राइफल्स इकाई ने 14 मई को एक अभियान शुरू किया।

## कांग्रेस की ओर से 'चेतावनी' मीडिया का फितूर : थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बृहस्पतिवार को मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि पार्टी नेतृत्व ने 'स्पष्ट संदेश' दिया है कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अपनी टिप्पणी के माध्यम से 'लक्ष्मण रेखा' पार कर दी है। थरूर ने कहा कि उन्हें इस बारे में मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह खबर बिना किसी आधार के मीडिया द्वारा गढ़ी गई है।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला- बस्तर, जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा)**
Email:- actd.jdp@gmail.com Phone / Fax No. 07782-222520

क्र./आ.वि./ प्रयास /1605/2025-26/ जगदलपुर, दिनांक 08/05/2025

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय धुरगुडा जगदलपुर जिला बस्तर के कक्षा 11वीं, 12वीं में अध्यापन एवं कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओ से ऑनलाईन 'रूचि की अभिव्यक्ति' का आमंत्रण ( वर्ष 2025-26, 2026-27)**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयो मे अध्यापन एवं कोचिंग हेतु "रूचि की अभिव्यक्ति" का ऑनलाईन प्रस्ताव आमंत्रित है।

| | |
|---|---|
| (i) रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 08/05/2025 सायं 08.00 बजे से |
| (ii) रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting | 19/05/2025, अपरान्ह 2.00 बजे |
| (iii) निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 26/05/2025, सायं 3.00 बजे |
| (iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन | 28/05/2025, सायं 03.00 बजे |
| (v) रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही / जानकारी की सूचना | पृथक से दी जायेगी। |

अन्य कार्यवाही एवं तिथियों मे परिवर्तन की सूचना संबंधित प्राधिकारी / चयन समिति द्वारा पृथक से विभागीय वेबसाईट पर दी जायेगी । विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु विभागीय बेबसाई https://bastar.gov.in तथा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर उपरोक्तानुसार निविदा क्रं0 168086 से वांछित जानकारी / प्रपत्र का अवलोकन / डाउनलोड कर सकते है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जगदलपुर
जी. 252600857/4



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज मुख्यालय बलरामपुर (छ.ग.)**
फोन नम्बर 07831-289063 ई-मेल :- acbalrampur@gmail.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/निर्माण/आ.वि./2025/661 बलरामपुर, दिनांक- 14.05.2025

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत निम्नानुसार कार्यों हेतु ई-टेडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर दिनांक 03.06.2025 तक ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि |
|---|---|---|
| 168160 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण ग्राम- पेंडरडीह बस्ती-खसपारा वि.ख. शंकरगढ़ | 57,23,000=00 |
| 168161 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण ग्राम- जम्होर बस्ती-जम्होर वि.ख. शंकरगढ़ | 57,23,000=00 |
| 168162 | पीव्हीटीजी हेतु बहुउद्देशीय केन्द्र का निर्माण ग्राम- खैराडीह बस्ती-धसनी कोरवापारा वि.ख. शंकरगढ़ | 57,23,000=00 |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलरामपुर-रामानुजगंज
जी.-252600909/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जशपुर, जिला- जशपुर (छत्तीसगढ़)**
Phone :- 9424242409 E-mail ID :ee-res.jashpur@.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/209/वलेलि / ग्रा.यां.से./ 2025-26 जशपुर, दिनांक 09.05.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Zonal tender for civil construction work (Different Types of Works But each work not exceeding Cost. Of 25.00 lakh) at sub division Bagicha (04 Groups), Duldula (02 Groups),Farsabahar (03 Groups),Jashpur (02 Groups), Kansabel (02 Groups), Kunkuri (02 Groups), Manora (02 Groups), Pathalgaon (04 Groups) Dist.- Jashpur (C.G.) | 2100.00 (100.00 Lac's each group) | 27.05.2025 | 28.05.2025 17:30 pm |
| | Total | 2100.00 | | |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 13.05.2025 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग, जिला- जशपुर
जी. 252600879/5



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwlkanker.2010@rediffmail.com/ se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन/ सड़क कार्य हेतु दिनॉक 04.06.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12 | 168432 | कोण्डागांव के ग्राम-छिनारी में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 120.13 लाख |
| 02 | 13 | 168433 | कोण्डागांव के ग्राम-लूभा में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य । (विद्युतीकरण सहित ) | 120.13 लाख |
| 03 | 14 | 168434 | कोण्डागांव के ग्राम - बफना में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य । (विद्युतीकरण सहित) | 120.13 लाख |
| 04 | 15 | 168435 | जिला नारायणपुर के बड़ेजम्हरी में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 120.44 लाख |
| 05 | 16 | 168436 | जिला नारायणपुर के धौड़ाई में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (विद्युतीकरण सहित) | 120.44 लाख |
| 06 | 17 | 168437 | जिला कांकेर के कुलगांव गौठान के लिए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य लंबाई 1.00 कि.मी । | 61.88 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 04.06.2025 है।**
नोट :- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर
जी. 252600893/2



**Directorate Veterinary Services,Chhattisgarh**
Indrawati Bhawan, Block-3, Nawa Raipur
Phone No. 0771-2331393,94,95 Fax No. 0771-2331392/95
email- dirvet.cg@nic.in

**e Tender Invitation Notice**

Online Tenders are invited from licensed manufacturers/ importers for supply of Veterinary Vaccine for financial year 2025-26 of Department of Veterinary services, Chhattisgarh. The detailed schedules are as follows.

| S.No. | Tender Details | Name of Work |
|---|---|---|
| 1 | **Tender No. 2947 Date 14.05.2025** | RATE CONTRACT AND SUPPLY OF VETERINARY VACCINE |
| 2 | Starting Date of online Tender Submission **16.05.2025.** | |
| 3 | Pre Bid Meeting Date - **20.05.2025, Time 1.00 PM** (Venue -DVSCG Indrawati Bhawan, B1ock-3,Nawa Raipur) | |
| 4 | Last Date of Tender Submission **16.06.2025, Upto - 5:30 PM** | |

The detailed tender documents and the list of items are made available under
Department-Livestock Development Department (LDD) on website
**https://www.eproc.cgstate.gov.in and https://agriportal.cg.nic.in/ahd**

Director
Veterinary Services
Chhattisgarh
G.- 252600887/3



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**संशोधन क्रं - 1**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 27.05.2025 समय 17.30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05 | 159642 | जिला जेल कांकेर में 01 बैरक (50 बंदी क्षमता भूतल एवं 50 बंदी क्षमता प्रथम तल) भवन हेतु विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 118.79 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 27.05.2025 है।
नोट :- तृतीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर
जी. 252600870/2



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**
आई.टी.आई रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग-प्रथम तल कोरबा (छ.ग.)
पिन कोड़-495677 Land Line No. 07759-226543
Email- actwdkorba@gmail.com

क्रमांक/प्रयास-कोचिंग 9वीं-12वीं/2025-26/484 कोरबा दिनांक 13.5.25

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर (कोरबा), जिला-कोरबा (छ.ग.) के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाईन "रूचि की अभिव्यक्ति" (वर्ष 2025-26)**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली वर्ष 2020 अंतर्गत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय जिला-कोरबा में कक्षा 09वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में शालेय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर की इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की परीक्षाओं यथा एन.टी.एस.सी., विज्ञान पहेली जेईई (मेंस / एडवांस), एम्स, नीट, पीईटी इत्यादि जैसी होने वाली प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के बेसिक की तैयारी कराये जाने की योजना है।

उक्त योजनांतर्गत जिले में संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय जिला-कोरबा के कक्षा 11वीं व 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोंचिग संस्थाओं से ऑनलाईन "रूचि की अभिव्यक्ति" का प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | वर्ष | कक्षा | विद्यार्थियों की संख्या (परिवर्तनीय) | संकाय (कक्षा 11वीं-12वीं हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय, कोरबा जिला-कोरबा में अध्यापन सह कोचिंग कार्य | 2025-26 2026-27 | 11वी 12वी | 50बा.+50 क 50बा.+50 क | गणित एवं जीव विज्ञान संकाय (जेईई मेन्स, एडवांस, नीट)-100 सीट |

| | |
|---|---|
| (i) रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि | 13/05/2025 सायं 03.00 बजे से |
| (ii) रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में Pre Bid Meeting | 26/05/2025, अपरान्ह 2.00 बजे |
| (iii) निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 30/05/2025, सायं 3.30 बजे |
| (iv) प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना एवं तकनीकी मूल्यांकन | 02/06/2025, सायं 03.00 बजे |
| (v) रूचि की अभिव्यक्ति संबंधी अन्य कार्यवाही/जानकारी की सूचना | पृथक से दी जायेगी। |

उक्त रूचि की अभिव्यक्ति को ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में ऑनलाईन निविदा क्रमांक 168391, दिनांक 13-05-2025 आमंत्रित की गई है। अन्य कार्यवाही की सूचना संबंधित प्राधिकारी/चयन समिति द्वारा पृथक से दी जावेगी।

विस्तृत जानकारी तथा नियमावली हेतु जिला-कोरबा की वेबसाईट www.korba.gov.in एवं ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से अवलोकन कर प्राप्त (Download) कर सकते है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा
जी.-252600882/3



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

**निविदा आमंत्रण तिथि :- 13.05.2025**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 रामानुजगंज, स.क्रं. 2 अम्बिकापुर एवं स.क्र. 3 से 6 मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्रं. 1,2,5,6-'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्रं. 3.4 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्रं. 1- 28.05.2025 एवं स.क्र. 2 से 6 04.06.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 09 | जिला बलरामपुर के बरियों में मिनी स्टेडियम भवन का निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 43.45 |
| 2 | 10 | उपसंभाग सीतापुर उपखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत लुण्ड्रा गढ़वीरा बिलासपुर मार्ग में पेव्हड सोल्डर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 39.74 |
| 3 | 11 | जिला कोरिया विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के कटकोना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य। विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 120.10 |
| 4 | 12 | जिला एम.सी.बी. के विकासखण्ड चिरमिरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरिया कालरी के भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 119.77 |
| 5 | 13 | जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में जिला पशुधन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 66.01 |
| 6 | 14 | जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के विकासखण्ड खड़गवां के मझौली में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 69.02 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
जी.-252600865/1

बिलासपुर

शुक्रवार, 16 मई 2025

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी

वर्ष: 25, अंक: 55

पृष्ठ : 10+8 = 18 मूल्य: 4.00***

मौसम

अधि. 40.6

न्यून. 29.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# आठ साल से बांग्लादेशी महिला फर्जी वीजा और पासपोर्ट के जरिए देश में कर रही थी निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस की स्पेशल टास्ट फोर्स टीम ने अवैध रूप से निवास कर रही एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। महिला का नाम पन्ना बीबी उर्फ काकोली घोष बताया गया है। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने अवैध पासपोर्ट और वीजा तैयार किया।

8 साल पहले वह बांग्लादेश से उत्तर प्रदेश के बनगांव पेट्रापोल पहुंची। वह पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश से सटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पारकर अवैध रूप से भारत पहुंची थी। काकोली घोष भारत पहुंचने के बाद 5 साल तक पश्चिम बंगाल के सोनागाछी में थी। इसके बाद दिल्ली गई, वहां ▶▶|शेष पेज 6 पर

अलग खबर



## दुर्ग पुलिस ने पकड़ा, मकान मालिक भी गिरफ्तार

- पहचान छिपाके निवास कर रही थी
- बांग्लादेश पैसे ट्रांसफर होने से हुआ संदेश
- वेरिफिकेशन में हुआ पूरे मामले का खुलासा

**मकान मालिक ने नहीं कराया पुलिस वेरिफिकेशन, गिरफ्तार:** जांच के दौरान पता चला कि सुपेला नेहरू रोड पर एक बांग्लादेशी महिला किराए पर सूरज साव का मकान ले रखी है। जब पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराने पर मकान मालिक को भी पकड़ा गया है। जांच में महिला का आधार कार्ड और नाम फर्जी पाया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

### कमाई के पैसों को भेजती थी बांग्लादेश

पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी महिला पन्ना बीबी उर्फ काकोली घोष परिवार से आईआईएमएमओ एप से परिवार के लोगों से बात करती थी। इस एप की विशेषता है, इसमें नंबर डिस्प्ले नहीं होता हैं। उक्त महिला दूसरे घरों में काम किया करती थी। यहां से कमाए पैसों को अपने परिचित के जरिए परिवार को बांग्लादेश भेजती थी। भिलाई से काम करने के बाद मिले पैसों को समय-समय पर अपने घर बांग्लादेश भेजती थी। इसके लिए पहले पैसे कोलकाता पश्चिम बंगाल अपने परिचित के पास भेजती थी। इसके बाद परिचित इसे एक युवक तक पहुंचाते थे, वह युवक उन पैसों को उसके परिवार वालों तक पहुंचाता था।

## मेरिट के साथ आज आएंगे संस्कृत विद्यामंडलम के नतीजे गड़बड़ी के बाद इस बार सख्ती

- दसवीं और बारहवीं के परिणाम एक साथ किए जाएंगे जारी
- इस बार बाहर की एजेंसी ने फीड किए हैं अंक, बीते वर्ष हुए घोटाले के बाद परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजों की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। दोनों कक्षाओं की मेरिट लिस्ट भी साथ ही जारी होंगी। पेंशनबाड़ा स्थित संस्कृत विद्यामंडलम के कार्यालय में यह नतीजे घोषित होंगे। छात्र अपने परिणाम ऑनलाइन भी देख सकेंगे। पहली बार संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन करवाया गया है। इसके लिए प्रदेशभर के मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को जैतू साव मठ में ठहराया गया था। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा मंडल के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हरिभूमि के खुलासे के बाद सख्ती

बीते वर्ष हुए घोटाले के बाद इस बार कई तरह के बदलाव किए गए हैं। अब तक संस्कृत बोर्ड के पेंशनबाड़ा स्थित कार्यालय में ही बाबुओं द्वारा अंकसूची में अंक भरे जाते थे, लेकिन इस बार बाहर की एजेंसी को यह कार्य दिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, ▶▶|शेष पेज 6 पर

# ट्रंप का यू-टर्न, कहा- मैंने नहीं रुकवाई भारत-पाक की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/दोहा

## युद्ध विराम में भूमिका पर अमेरिकी राष्ट्रपति का फिर चौंकाने वाला बयान

भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम पर अपनी भूमिका को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर चौंकाने वाला दावा किया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बयान से यू-टर्न ले लिया है। कतर में अमेरिकी सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मध्यस्थता नहीं की, बल्कि मदद की थी।

ट्रंप ने अल-उदीद एयर बेस पर कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने मध्यस्थता की, लेकिन मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच मुद्दे को सुलझाने में मदद की थी, जो बहुत तेजी से शत्रुतापूर्ण बनता जा रहा था। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब दोनों देशों के बीच हाल के हफ्तों में सैन्य तनाव और कूटनीतिक तल्खी देखने को मिली है। ट्रंप पहले भी कम से कम पांच बार सार्वजनिक मंचों पर यह दावा कर चुके हैं कि अमेरिका ने भारत-पाक के बीच संघर्षविराम कराने में भूमिका निभाई है।



### अचानक अलग तरह की मिसाइलें दिखने लगती हैं

अपने संबोधन में ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि यह मुद्दा अब सुलझ चुका है। अचानक आपको अलग तरह की मिसाइलें दिखाई देने लगती हैं, लेकिन हमने इसे सुलझा लिया है। उम्मीद है कि दो दिन बाद मैं यह न सुनूं कि ये फिर बिगड़ गया है।

### भारत ने किया था दावे को खारिज

हालांकि भारत सरकार ने ट्रंप के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि उन्होंने ट्रेड रोकने की चेतावनी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने में मदद की थी। सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के दौरान भारत और अमेरिका के बीच किसी भी चर्चा के दौरान ट्रेड का मुद्दा नहीं उठा था। डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया था कि 'पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण गतिरोध के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेतृत्व संपर्क में थे, लेकिन व्यापार पर कोई बातचीत नहीं हुई।

## इधर, ट्रंप का एक और दावा: भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क हटाने की पेशकश की

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क हटाने की पेशकश की है। अमेरिकी के राष्ट्रपति ने दोहा में व्यापार गोलमेज सम्मेलन में यह भी कहा कि उन्हें एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक के साथ 'थोड़ी समस्या' है। उन्होंने कुक से कहा है कि वह नहीं चाहते कि वह भारत में आईफोन बनाएं। वह एप्पल के भारत में आईफोन के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना पर बात कर रहे थे। ट्रंप अभी पश्चिम एशिया की यात्रा के तहत कतर की राजधानी दोहा में हैं जहां व्यापार गोलमेज सम्मेलन आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा, मैंने उनसे (कुक) कहा कि मेरे मित्र, मैं आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार कर रहा हूं।

*सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि जब देश इस तरह की स्थिति से गुजर रहा हो, तब जिम्मेदारी और संवैधानिक पद पर बैठे शख्स से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती।*

# राहत नहीं, फटकार मिली

## कोर्ट ने कहा- मंत्री होकर कैसी भाषा का इस्तेमाल करते हो, एफआईआर पर रोक लगाने से इंकार

- शाह के वकील ने कहा कि हाईकोर्ट ने ऑर्डर पास करने से पहले हमें नहीं सुना
- सीजेआई ने कहा कि आप हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं गए?
- सीजेआई ने कहा कि हम शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई करेंगे। 24 घंटे में कुछ नहीं होगा।

*कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देकर फंसते जा रहे हैं मंत्री विजय शाह, मप्र हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, नहीं मिली राहत। इधर, विवादित बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जोरदार फटकार लगाई है। इसके साथ ही उसने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से इंकार कर दिया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/भोपाल

सीजेआई बीआर गवई ने विजय शाह को फटकार लगाते हुए कहा कि आप किस तरह का बयान दे रहे हैं? आप मंत्री हैं। मंत्री होकर किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं? क्या यह मंत्री को शोभा देता है? कोर्ट ने कहा कि जब देश इस तरह की स्थिति से गुजर रहा हो तब जिम्मेदारी भरे पद पर बैठे शख्स से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती। सीजेआई ने कहा कि आप जानते हैं न कि आप कौन हैं? इस पर विजय शाह ने वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने माफी मांग ली है। मीडिया ने उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। मीडिया ने इसे ओवर हाइप कर दिया। वकील ने कहा कि हाईकोर्ट ने ऑर्डर पास करने से ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इधर, हाईकोर्ट ने एफआईआर के ड्राफ्ट पर उठाया सवाल

## मंत्री के खिलाफ एफआईआर में किया जाए सुधार, इसमें करतूतों का जिक्र हो

*बेंच ने एफआईआर के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए पूछा, क्या यही है? क्या आपने एफआईआर पढ़ी है? अपराध के तत्व कहां हैं? एफआईआर में ऐसा कोई भी सामग्री नहीं है जो संज्ञेय अपराध दर्शा सके।*

**जबलपुर।** गुरुवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के तरीके को लेकर पुलिस को फटकार लगाई। बेंच ने एफआईआर के ड्राफ्ट पर सवाल उठाते हुए पूछा, क्या यही है? क्या आपने एफआईआर पढ़ी है? अपराध के तत्व कहां हैं? अदालत ने देखा कि एफआईआर में ऐसा कोई भी सामग्री नहीं है जो ▶▶|शेष पेज 6 पर



### सात साल तक की हो सकती है जेल

- एफआईआर में जिस धारा 152 को शामिल किया गया है, वो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों के खिलाफ है। इस धारा के अंतर्गत जीवनकाल तक की सजा या अधिकतम सात वर्ष की जेल हो सकती है।
- धारा 196(1)(बी) के तहत यदि किसी व्यक्ति द्वारा धर्म, जाति, भाषा, या क्षेत्र के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने का प्रयास होता है, तो उसे तीन साल तक की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।
- धारा 197(1)(सी) उन आरोपों से संबंधित है जो राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### इधर, रामगोपाल ने गिनाई व्योमिका की जाति

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के बयान को लेकर विवाद और बढ़ गया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान महिला सैन्य अधिकारी व्योमिका सिंह की जाति का उल्लेख करते हुए उन्हें हरियाणा की जाटव बताया था और इसके बाद जातिसूचक शब्द कहा था। इस टिप्पणी को सेना के शौर्य और गरिमा का अपमान माना जा रहा है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### वक्फ कानून की याचिकाओं पर 20 को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं में अंतरिम राहत देने के मुद्दे पर 20 मई को विचार करेगा। सीजेआई की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सोमवार तक अपने लिखित नोट्स जमा करने को कहा।

### ऑटो-ट्रक की टक्कर में छह की गई जान



**हरदोई।** यूपी के हरदोई जिले में एक ऑटो की ट्रक से टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह घटना सुबह करीब नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के हरदौल मऊ गांव के पास हुई, जब एक ऑटो रिक्शा एक डंपर ट्रक से टकरा गया। ऑटो रिक्शा बांगरमऊ से संडीला जा रहा था।

लखनऊ में दर्दनाक हादसा

# दिल्ली से बिहार जा रही बस में आग, 5 यात्री जिंदा जले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यहां मोहनलालगंज क्षेत्र में दिल्ली से बिहार जा रही स्लीपर बस में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में 5 लोग जिंदा जल गए। करीब 60 यात्री बस में सवार थे। ड्राइवर शीशा तोड़कर बस से कूद गया और फरार हो गया। आग इतनी तेज थी कि बस महज 10 मिनट में पूरी तरह जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार, यह घटना लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके के किसान पथ पर हुई, जब दिल्ली से बिहार जा रही प्राइवेट स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब अधिकतर यात्री गहरी नींद में थे। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि महज 10 मिनट में पूरी बस जलकर राख हो गई।

### ड्राइवर-क्लीनर शीशा तोड़कर भागा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस का ड्राइवर शीशा तोड़कर सबसे पहले खुद बस से कूद गया और मौके से भाग गया। हादसे के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। इस घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### शॉर्ट सर्किट बनी हादसे की वजह

शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह बताया जा रहा है, लेकिन इसकी पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। लोगों का कहना है कि अगर ड्राइवर की सीट सामान्य होती और इमरजेंसी एक्जिट रास्ता साफ रहता, तो शायद यात्रियों की जान बच सकती थी।

### गेट न खुलने की बात आ रही है सामने

आग लगने के बाद बस कुछ देर तक जलती हुई हालत में दौड़ती रही। मुख्य गेट आग लगने की वजह से जाम हो गया। जो लोग दूसरे रास्तों से निकल पाए वो बच गए। सूचना के अनुसार हादसा पीजीआई कल्ली के पास से गुजर रहे किसान पथ पर हुआ। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। बस से निकले लोगों ने बताया कि बस रोकने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर, ड्राइवर की पास की खिड़की से कूदकर भाग गए।

*संजय पार्क के समीप हुई घटना, चार दमकल वाहनों की मदद से पाया आग पर काबू*

# दो यात्री बसों में लगी आग जलकर खाक हुए वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

गुरुवार की दोपहर संजय पार्क के समीप वर्षों से खड़ी दो यात्री बसों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आगजनी के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आगजनी की घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर आवगमन बाधित हो गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दो बसों को ख़ासा ▶▶|शेष पेज 6 पर



**ट्रांसफार्मर तक पहुंची आग-** जिन दो बसों में आग लगी वहीं मौके पर विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर भी मौजूद है। आगजनी की घटना के बाद आग की लपटें ट्रांसफार्मर तक पहुंच रही थी। ऐसे में बड़ा हादसा होने की संभावना थी। सूचना मिलने के बाद मौके पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पहले क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई जिसके बाद ही आग बुझाने का कार्य शुरू हो पाया। इधर घटना के दौरान राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 6 पर

48 घंटे में मारे गए छह आतंकी

# सरेंडर कर दो, एनकाउंटर से पहले आतंकी की मां लगा रही थी गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों पर कड़ा प्रहार करने के बाद अब जम्मू कश्मीर और सीमा से सटे इलाकों में भारतीय सेना का अभियान लगातार जारी है। सुरक्षा बलों ने बीते 48 घंटे में लश्कर और जैश ए मोहम्मद से जुड़े 6 आतंकवादियों को मार गिराया है। इस दौरान सेना पुलवामा, शोपियां और आस पास के जिलों में तलाशी अभियान भी चला रही है। इस बीच गुरुवार को भारतीय सेना की कार्रवाई में मारे गए ▶▶|शेष पेज 6 पर



### पुलवामा में तीन आतंकी ढेर

इससे पहले गुरुवार सुबह पुलवामा के नादेर और त्राल इलाके में हुई मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सेना ने बताया है कि इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई थी। इस दौरान नजीर वानी और आसिफ अहमद शेख के अलावा यावर अहमद भट भी मारा गया। ये सभी आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे।

### राष्ट्रपति ने पूछा-सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है?

# सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-सीमा तय किए जाने पर राष्ट्रपति मुर्मू ने उठाए सवाल, कहा- संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा विधेयक पर फैसला लेने की समय-सीमा तय किए जाने पर काफी कुछ कहा गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई थी। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2025 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था ▶▶|शेष पेज 6 पर

*सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा*



*सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में की थी अहम टिप्पणियां*

### राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा

राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समय-सीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये 14 सवाल

1. राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
2. क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
3. क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
4. क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है? ▶▶|शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# तुर्की और अजरबैजान को बड़ा झटका देना जरूरी

देश में तुर्की और अजरबैजान को सबक सिखाने के लिए देशवासियों और संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन और व्यापारिक बहिष्कार का आह्वान किया जा रहा है, क्योंकि इन दोनों देशों ने भारत द्वारा पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर किए गए हमलों की निंदा करते हुए पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसके बाद कारोबारियों ने भी तुर्किये के सेब और संगमरमर जैसे उत्पादों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया है और अब ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान करते हुए कहा है कि इन दोनों देशों का रवैया भारत के खिलाफ है, इसलिए अब उनसे जुड़ी किसी भी फिल्मी गतिविधि में भाग नहीं लिया जाएगा। एसोसिएशन ने सरकार से भी इन देशों के सभी कलाकारों का वीजा रद करने की भी मांग की है। इंडस्ट्री से अपील करते हुए कहा गया है कि कोई भी कलाकार या निर्माता तुर्की और अजरबैजान में शूटिंग के लिए न जाए। इन देशों से प्रायोजित किसी भी कार्यक्रम या इवेंट में हिस्सा न लें। तुर्की और अजरबैजान के कलाकारों या फाइनेंसर के साथ कोई भी प्रोजेक्ट न करें। ऐसा पहली बार हुआ है जब फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों ने दोनों देशों के बहिष्कार का ऐलान किया है। वैसे अनेक हिन्दी फिल्मों की शूटिंग तुर्किये में हुई है। इसके अलावा कारोबारी संगठन भी लगातार दोनों देशों के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। भारत का तुर्किये को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 5.2 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 6.65 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 437 अरब डॉलर के निर्यात का सिर्फ 1.5 प्रतिशत है। वहीं, भारत का अजरबैजान को निर्यात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान मात्र 8.60 करोड़ डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 8.96 करोड़ डॉलर था। यह भारत के कुल निर्यात का मात्र 0.02 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत का आयात अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के दौरान 2.84 अरब डॉलर था, जबकि 2023-24 में यह 3.78 अरब डॉलर था। यह भारत के कुल 720 अरब डॉलर के आयात का सिर्फ 0.5 प्रतिशत है। तुर्किये से भारत विभिन्न प्रकार के मार्बल ताजा सेब, सोना, सब्जियां, चूना और सीमेंट, खनिज तेल रसायन, प्राकृतिक या संवर्धित मोती, लोहा और इस्पात का आयात करता है। दोनों देशों के बीच साल 1973 में एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके बाद 1983 में आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर भारत-तुर्की संयुक्त आयोग की स्थापना पर एक समझौता हुआ। भारत अजरबैजान को तम्बाकू और उसके उत्पाद, चाय, कॉफी, अनाज, रसायन, प्लास्टिक, रबड़, कागज और पेपर बोर्ड और सिरेमिक उत्पाद का निर्यात करता है। वहीं, भारत में अजरबैजान से पशु चारा, जैविक रसायन, आवश्यक तेल और इत्र तथा कच्ची खालें और चमड़ा आता है। वर्तमान में तुर्किये में लगभग 3,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 200 छात्र शामिल हैं। इसी तरह, अज़रबैजान में भारतीय समुदाय के लोगों की संख्या 1,500 से ज़्यादा है। दोनों देशों के रवैये के कारण अब ये व्यापार खटाई में पड़ता दिख रहा है। इसके अलावा भारतीय पर्यटक भी तुर्की और अजरबैजान की यात्रा टाल रहे हैं। इससे उन्हें बड़ा झटका लगना तय है क्योंकि दोनों देश पर्यटन पर निर्भर हैं। भारत में सोशल मीडिया पर इन देशों का बहिष्कार ट्रेंड कर रहा है। हालांकि अभी इस पर सरकार ने अपने स्तर पर कोई ऐनाल नहीं किया है। इसके बावजूद इन्हें पाक का समर्थन करने पर बड़ा नुकसान होना तय है और यह जरूरी भी है।



विश्लेषण
पंकज झा

# प्रत्याक्रमण के बाद की नीति संघर्ष विराम

> भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है, न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है।

भारत अभी-अभी इतिहास के एक ऐसे मोड़ से गुजरा है जिसकी धमक सदियों तक सुनाई देगी। भारत के इतिहास की गाथाओं के उलट यह गाथा महाविजय की है, तमाम आतंक और हिंसा के मामले में सहिष्णु होने के उलट मोदी युग अब 'जीरो टॉलरेंस' का है। पिछले एक दशक में दुनिया ने यह देखा है कि भारत अब मार खाना नहीं, बल्कि भीतर-बाहर के उपद्रवियों-आतंकियों के घर में घुस कर मारना जानता है। वह देश के खिलाफ आंखें तरेरने वालों की आंखें फोड़ देने, भारत के विरुद्ध उठे 'हाथ' को मरोड़ कर उसे केहुनी से उखाड़ देने का माद्दा रखता है। नेतृत्व अब राष्ट्र के विरुद्ध दुष्प्रचार में रत 'हैण्डलरों' से भी निपट कर, फेक न्यूज के तमाम कुहासे को चीर कर राष्ट्रीयता का प्रकाश बिखेरने का काम करने लगा है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जीवन के सबसे सुन्दर क्षण बिता रहे लोगों के जीवन के विरुद्ध जैसी कायराना हरकत आतंकियों ने की, जिस तरह बच्चों के जीवन में बारूद घोलने का नृशंस कार्य सीमा पार से किया गया, जैसे धर्म पूछ-पूछ कर हत्याएं की गयी, जैसे उन सुहागनों का सिन्दूर भी उजाड़ दिया गया जिसकी मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं पड़ा था, ऐसे आदमखोरों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिन्दूर' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर हमारे वीर जवानों ने वास्तव में कहर ढाया है। जिस तरह हमारी मिसाइलों ने आतंकियों का खानदान तबाह कर दिया है, जैसे आज पाकिस्तान की घुड़कियों का जवाब दिया गया है, उसने भारत को उसके इतिहास के सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम सन्देश में कहा भी कि —व्यापार और आतंक, बातचीत और हिंसा एक साथ नहीं चल सकते, खून और पानी एक साथ नहीं बहने दिया जाएगा। आतंकियों को उचित दंड देने के बाद शरण में आये पाकिस्तान को अस्थायी अभयदान भी इस शर्त के साथ दिया गया है कि आगे भारत की ओर वह आंख उठाने का दुस्साहस नहीं करेगा। अगर करेगा तो उसे भारत के विरुद्ध युद्ध समझते हुए इससे भी अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कारवाई जिसे उस असभ्य देश की पुश्तें याद रखेंगी। सूचना तकनीक के इस युग में युद्ध केवल हथियारों से नहीं लड़े जाते, आज 'प्रचार युद्ध' भी सामरिक विषय का एक आवश्यक अंग हो गया है। इस युद्ध में तमाम भारत विरोधियों ने, मोदी जी से हार और खार खाए, पस्त-परास्त विरोधियों ने बाहर-भीतर मोर्चा सा खोल दिया था। ऐसी-ऐसी झूठी खबरें, फेक नैरेटिव रचे गए जिसका कोई सानी नहीं है। विपक्ष प्रायोजित एजेंडे ने भी इस युद्ध में हमें शर्मसार किया है। हमले के बाद जब प्रत्याक्रमण की तैयारी चल रही थी, तब बार-बार दिन-रात यह कहना कि युद्ध हो क्यों नहीं रहा है, जब भारत ने आतंकी ठिकानों पर आक्रमण किया और पाकिस्तान ने उसे खुद पर हमला समझते हुए युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी, तब उसे परोक्ष समर्थन देते हुए युद्ध नहीं करने संबंधित तमाम पोस्ट लिखना, फिर संघर्ष विराम (युद्ध विराम नहीं) के बाद युद्धोन्माद फैलाने की साजिश, अपने देश और नेतृत्व को नीचा दिखाने के ऐसे-ऐसे षड्यंत्र किये गए जिसे सोच कर शर्म भी शर्मसार हो गया है। किंतु लाख कूट रचना के बावजूद पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम सन्देश ने देश में उत्साह और शौर्य का, भरोसे का संचार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी पर आंख मूंदकर भरोसा कायम रखने के हजार कारण है। हर बार मां भारती के ये सपूत हमारे भरोसे पर खरे उतरे भी हैं। देश के भीतर के तटस्थ आलोचकों को भी यह समझना होगा। एक आम नागरिक के पास जितनी सूचनायें होती हैं, उससे सौ गुना अधिक जानकारी सरकार के पास होती ही है। हमें अपनी अधकचरी जानकारी के आधार पर कुछ भी प्रतिक्रिया देने या मन बना लेने का स्वभाव छोड़ना होगा। आज भारत के पास जैसा नेतृत्व है, वैसा किसी भी कालखंड में नहीं रहा है। आज भारत में श्रेष्ठतम सरकार है, निर्विवाद रूप से श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री हैं नरेंद्र मोदी। भारत अत्यधिक विविधता पूर्ण और क्लिष्ट देश है। इसे समझना और सबको साथ लेकर, चारों तरफ दुश्मनों से घिरे रहने के बावजूद सर उठाकर चलना, फिर भी समृद्धि और शांति का टापू बने रहना ऐसी उपलब्धि है, जिसका वर्णन इतिहास करेगा। हमने महामारी जैसी स्थिति भी देखी है, जिसमें जिस सूझ-बूझ के साथ निपट कर जन-धन को सुरक्षित रखा गया, उसकी कल्पना भी नहीं थी। उन्हें भी अपनों का साथ और विश्वास चाहिए होता है। आप कुछ भी न करें, बस भरोसा बनाये रखें, तो भी काफी होगा। सत्य हमारे साथ है तो हम जीतेंगे ही। भारत अब पीछे मुड़ कर देखने वाला नहीं है। हमें यह समझना होगा कि युद्ध वास्तव में शांति की मां है। युद्ध की कोख से ही शांति का जन्म होता है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा भी है 'यह देश बुद्ध का है और गुरु गोविन्द सिंह जी का भी है।' सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। युद्ध उस दिन ही नहीं होते, जिस दिन होते हैं। युद्ध की तैयारियां युद्ध स्तर पर चलती रहती हैं हमेशा। युद्ध तो महज परीक्षा है इस बात की कि आपने कितनी तैयारी की शांतिकाल में। कितना युद्धरत रहे आम आदमी की तरह। युद्ध मानव जीवन का अभिन्न अंग है। आप रह ही नहीं सकते युद्ध के बिना। स्वयं से लेकर परम तक, आपको हमेशा युद्धरत रहना होता है, व्यष्टि से समष्टि तलक। निश्चित ही संघर्ष विराम भी प्रत्याक्रमण और उसके बाद की एक नीति होती है, जिसे 'फेक नैरेटिव' के शिकार लोगों को भी समझना होगा। न तो कोई युद्ध कभी अंतिम होता है न ही कोई सशर्त संघर्ष विराम ही स्थायी होता है। संघर्ष विराम बहुधा कृष्ण का शांति प्रस्ताव के जैसा भी होता है, ताकि इतिहास यह न कह सके कि शांति की कोई भी कोशिश छोड़ी गयी। पहलगाम के बाद लगातार चले प्रकरण का हमारे लिए संदेश यही है कि अगर आप शांति से रहना चाहते हों, जो कि हर सनातनी सदा चाहता है, तो आपको युद्ध हेतु सर्वदा कमर कसे बलिदान हेतु तत्पर रहना होगा। युद्ध नहीं होना इस बात की गारंटी कतई नहीं है कि आप जीवन भर जीवित ही रहेंगे।

धर्म युद्ध वास्तव में शांति की मां हैं। विश्व के इतिहास की सभी गाथायें वास्तव में युद्धों की गाथा ही तो हैं। हमारे सभी भारतीय वाङ्मय अंततः बुराई के विरुद्ध युद्ध की कथा के अलावा और है क्या? निस्संदेह सशर्त संघर्ष विराम भी उसी युद्ध का एक उपकरण है। आज भारत के पास जो दैवदुर्लभ नेतृत्व है, उसने अपना सारा जीवन संघर्ष और युद्ध की परिस्थिति से ही गुजार कर कुंदन बनाया है। देश के हर ऐसे नागरिक को, जिनका भारत की 'सक्सेस स्टोरी' में विश्वास है, उन्हें यह गौरव बोध बना कर रखना होगा। इस मोड़ पर कथित तटस्थ दिखने वाले लोगों को भी सोचना होगा कि उन्हें अपना पक्ष चुनना ही होगा। जैसा दिनकर ने कहा है :-

किसने कहा, युद्ध की बेला चली गयी, शांति से बोलो?
किसने कहा, और मत बेधो हृदय वह्नि के शर से,
भरो भुवन का अंग कुंकुम से, कुसुम से, केसर से?
समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध
जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध।
जय हिन्द की सेना। जय हिन्द।

(लेखक छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर
आशीष वशिष्ठ




# दुनिया को समझना होगा भारत का 'न्यू नॉर्मल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पाकिस्तान को स्पष्टतः चेता दिया कि अगर हमारे भारत की ओर आंख उठाकर भी देखा तो वो हश्र होगा कि दुनिया याद करेगी। राष्ट्र के नाम संदेश के अगले दिन पीएम ने आदमपुर एयरबेस पहुंचकर जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया। आदमपुर में प्रधानमंत्री के साथ समवेत स्वर में जब जवानों ने भारत माता की जय का उद्घोष किया तो उस निनाद की गूंज और प्रतिध्वनि पाकिस्तान ही नहीं अखिल विश्व ने स्पष्ट तौर पर सुनी। पीएम ने अपने संबोधन में जितनी स्पष्टवादिता, दृढ़ता और विश्वास के साथ सधे और नपे-तुले शब्दों में अपनी बात विश्व के समक्ष रखी है, ऐसा साहस उनका कोई पूर्ववर्ती दिखा नही सका। पाकिस्तान के साथ अब तक हुए चार युद्ध, बालाकोट और उरी स्ट्राइक में उसे इतने गहरे घाव नहीं लगे, जितने ऑपरेशन सिंदूर ने उसे दिये। अपने स्वभाव से विवश पाकिस्तान पहलगाम आतंकी घटना के बाद इसी सोच के साथ रहा होगा, भारत प्रत्युत्तर में अधिक से अधिक एयर स्ट्राइक या उरी जैसा आक्रमण करेगा। लेकिन उसके अनुमान और विचार धरे के धरे रह गए। भारत ने जो विध्वंस ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मचाया, उसकी कल्पना भी आतंकियों और उनके जन्मदाताओं एवं शरणदाताओं की कल्पना से भी परे थी। भारत ने लड़ाई के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने जैसा ऐतिहासिक और साहसी कदम भी उठाया। जम्मू कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने जैसे बड़े कदम उठाने के बाद भी पाकिस्तान भारत को हल्के में लेता रहा। वास्तव में त्रुटि पाकिस्तान की नहीं, हमारी ही रही। हमारे देश के भीतर एक ऐसी मंडली है, जिनके हृदय में भारत से अधिक पाकिस्तान के लिये प्रेम, पक्षपात और दया भावना उछाल मारती है। यही मंडली हर आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के विरुद्ध कड़े कदम उठाने का प्रपंच और स्वांग रचती है। प्रोपेगेंडा करने और नैरेटिव गढ़ने में इस मंडली को महारत प्राप्त है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी ये मंडली सक्रिय हो गई थी। वो अलग बात है कि इस बार यह अपना एजेंडा चलाने में सफल नहीं हुई। पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का समर्थन पाकर हमारे वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को उदाहरण के साथ अच्छे से समझा दिया है कि अब खेल बदल चुका है। खेल के खिलाड़ी बदल चुके हैं। भारत की सत्ता जिनके हाथों में हैं, उनका नारा नेशन फर्स्ट का है। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत ने न केवल आतंक के पोषक और जनक पाकिस्तान को करारा उत्तर दिया, बल्कि एक नया सैन्य और रणनीतिक सिद्धांत स्थापित कर दिया। 7 से 10 मई के बीच चार दिनों तक चले इस सीमित, लेकिन तीव्र सैन्य अभियान ने न केवल पाकिस्तान को सैन्य रूप से झकझोर कर रख दिया, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की साख, क्षमता और इच्छाशक्ति का ऐसा प्रदर्शन किया जो दशकों में पहली बार देखा गया। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंक के विरूद्ध अब वह चुप नहीं बैठेगा, घर के भीतर घुसकर मारेगा। पहलगाम घटना के बाद भारत ने बातें नहीं की, डोजियर सौंपने की तैयार नहीं की, सीधे घर में घुसकर मारा, सीधे एक्शन लिया। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 15 से अधिक आतंकियों और सेना से जुड़े ठिकानों को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। भारत ने केवल आतंकी ठिकानों पर नहीं, उनके ड्रोन कंट्रोल सेंटर और एयरबेस तक को निशाना बनाया। ये दिखाने के लिए कि अगर आवश्यकता पड़ी, तो भारत सीधे उनके सीने तक पहुंच सकता है। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य ना राष्ट्र पर आधिपत्य की कामना थी, ना किसी सरकार को गिराने या परिवर्तन की। एकमात्र बात विश्व को बतानी थी कि यदि भारत पर आक्रमण हुआ, तो उत्तर अवश्य मिलेगा और ऐसा मिलेगा कि पुनः सोचने पर विवश कर देगा। अब भारत की लड़ाई का ढंग परिवर्तित हो गया है। यह केवल अस्त्र-शस्त्र नहीं दिखाता, यह बताता है कि कब, कहां और कैसे उनका प्रयोग करना है। यह एक नया भारत है- जो केवल निनाद नहीं उठाता, अब प्रभाव और धमक भी दिखाता है। अब भारत प्रतिक्रिया में नहीं चलता, कर्मण्यता पर विश्वास करता है और नई दिशा तय करता है। यह परिवर्तन केवल एक रणनीति नहीं है, ये मानसिकता का परिवर्तन है। इसलिए पीएम मोदी ने आदमपुर एयर बेस में कहा कि, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। यही मानसिक परिवर्तन भारत का 'न्यू नॉर्मल' है। और इस 'न्यू नॉर्मल' को अखिल विश्व जितनी जल्दी समझेगा, वो उसके और शेष दुनिया के लिए हितकारी, सुखप्रद और शांतिप्रद होगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

## राजा हैं, फिर भी घमंडी ना बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गाँव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोलाः ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दियाः मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूँ। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोलाः महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहाः हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजाः मेरे पिताजी का, साधुः तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजाः मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहाः हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी और फिर कभी घमंड ना करने की शपथ ली।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### संघर्षविराम के मायने

10 मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बादल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्षविराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। बहरहाल, इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्षविराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। शेयर बाजार में भी हरियाली छा गई है। लोगों के कारोबार-व्यापार चल पड़े हैं।

*- महेश कौशिक, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतवंशी ने मुफ्त परोसा भोजन

भारतीय मूल की एक पूर्व शिक्षिका और उनके परिवार ने सिंगापुर के लिटिल इंडिया क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में लाखों प्रवासी श्रमिकों को निशुल्क भोजन परोसा है। उन्होंने वर्ष 2018 में एक सूप किचन की स्थापना की थी। इसमें अब तक प्रवासी श्रमिकों, मुख्य रूप से भारत और बांग्लादेश से आए लोगों को एक करोड़ से अधिक बार भोजन परोसा जा चुका है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार, लता गोविंदसामी और उनके परिवार ने देखा कि लिटिल इंडिया में प्रवासी कार्मिकों को शुद्ध, पारंपरिक और पौष्टिक भारतीय भोजन मिलना मुश्किल और महंगा था।



इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने 'कृष्णा फ्री मील्स' नाम से एक सूप किचन शुरू किया, जहां कामगारों को नि:शुल्क नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान कई स्वयंसेवक और शुभचिंतक इस प्रयास में शामिल हुए और उन्होंने आर्थिक मदद दी। स्वयं श्रमिक भी सूप किचन के संचालन में छोटी-छोटी राशि देकर योगदान करने लगे। गोविंदसामी ने कहा, मेरी दो बहनें, उनके पतियों और मैंने यह पहल इसलिए शुरू की क्योंकि हमारे माता-पिता ने हमें सिखाया था कि भोजन बांटने से लोगों के बीच स्नेह और अपनापन बढ़ता है।

## ऑफ बीट

# मंगल के धूल भरे लाल मैदान के नीचे रहस्य

इस बात के प्रमाण बढ़ रहे हैं कि मंगल के धूल भरे लाल मैदानों के नीचे एक रहस्य छिपा है, जो लाल ग्रह के बारे में हमारे नज़रिए को फिर से परिभाषित



कर सकता है : इसमें पानी का एक विशाल भंडार है, जो पृथ्वी की सतह में गहराई तक है। मंगल ग्रह पर प्राचीन जल निकायों के निशान हैं। लेकिन जब ग्रह ठंडा और शुष्क हो गया तो यह सब कहां चला गया, इसकी पहेली ने वैज्ञानिकों को लंबे समय से उलझन में डाल रखा है। नासा के 'इनसाइट' मिशन से भूकंप संबंधी आंकड़ों का उपयोग करते हुए, इस बात के प्रमाण खोजे हैं कि भूकंपीय तरंगें सतह से 5.4 से 8 किलोमीटर नीचे की परत में धीमी हो जाती हैं, जो इन गहराईयों में तरल पानी की मौजूदगी के कारण हो सकता है। मंगल हमेशा से वैसा बंजर रेगिस्तान नहीं था जैसा हम आज देखते हैं। अरबों पहले, नोआचियन और हेस्पेरियन काल (4.1 अरब से 3 अरब साल पहले) के दौरान, नदियों ने घाटियां बनाईं और वहां झीलें चमकती थीं। नोआचियन और हेस्पेरियन काल मंगल ग्रह के भूगर्भिक इतिहास के दो महत्वपूर्ण कालखंड हैं। नोआचियन काल में, मंगल ग्रह बड़े और छोटे दोनों तरह के गड्ढों से ढका हुआ था। हेस्पेरियन काल के दौरान, नोआचियन सतह पर और छोटे गड्ढे जमा हो गए।

## ट्रेंड

### नक्सलमुक्त होगा भारत



सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ (केजीएच) पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### गहरी संवेदनाएं



पंजाब बॉर्डर पर तैनात गांव समसपुर (चरखी दादरी) निवासी, हरियाणा के वीर सपूत मनोज फोगाट देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। यह देश सदैव उनके बलिदान को याद रखेगा। मैं शहीद के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### मानवता के दुश्मन



पहलगाम की बर्बरपूर्ण आतंकवादी घटना करने वाले एवं उसका समर्थन करने वाले सिर्फ हमारे देश के ही दुश्मन नहीं बल्कि वे मानवता के दुश्मन हैं, उन्हें सबक सिखाना जरूरी हैं।
**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### एचएएल हवाई अड्डा



बेंगलुरु में भारी यातायात प्रवाह और दूर केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे से कुछ यातायात को स्थानांतरित करने की बढ़ती मांग को देखते हुए, नागरिकों के लिए एचएएल हवाई अड्डे को फिर से खोलना उचित है।
**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# भारत की सबसे रहस्यमयी जगहें, जहां पर विज्ञान भी हो चुका है फेल



## लेह की चुंबकीय हिल

लद्दाख के लेह में एनएच-1 पर स्थित चुंबकीय हिल पर गाड़ियां बिना इंजन के ऊपर की तरफ खिंचती हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह चुंबकीय शक्ति है, लेकिन वैज्ञानिकों की तरफ से इसे ऑप्टिकल इल्यूजन कहा जाता है। ढलान ऐसा दिखता है कि गाड़ी ऊपर जा रही है, जबकि वह नीचे की तरफ जाती है। हालांकि, यह थ्योरी भी पूरी तरह से स्वीकार नहीं की गई। यह स्थान सैलानियों के लिए बड़ा आकर्षण है। वैज्ञानिकों ने इस हिल के चुंबकीय क्षेत्र की जांच की, लेकिन कोई असामान्य शक्ति नहीं मिली। यह जगह भारत के रहस्यमयी स्थानों में शामिल है।

**नई दिल्ली। भारत में कई अजीबोगरीब, तो कुछ रहस्यमयी जगहें। इस जगहों के रहस्य को आज तक कोई नहीं सुलझा पाया है। आज हम आपको इस अपने लेख में भारत की कुछ रहस्यमयी जगहों के बारे में बताएंगे। इन जगहों के रहस्यों को जानकर आपको यकीन नहीं होगा। इसके साथ ही हैरानी भी होगी।**

## राजस्थान का कुलधरा गांव



कुलधरा गांव जैसलमेर से 18 किलोमीटर दूर स्थित है। इस गांव के रहस्य को जानकर आपकी रूह कांप जाएंगी। 19वीं सदी में गांव में पालीवाल ब्राह्मण रहते थे, जो बेहद खुशहाल थे, लेकिन एक रात अचानक पूरा गांव खाली हो गया। 800 से अधिक परिवार कहां लापता हो गया, किसी को नहीं पता। स्थानीय लोगों का मानना है कि एक दीवान था, जो लोगों पर जुल्म करता था। इसके कारण गांव वालों ने श्राप देकर इसे छोड़ दिया। यह गांव आज भी वीरान पड़ा है और रात में अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। कुलधरा के रहस्य को सुलझाने की कई बार कोशिश की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।




## तुलसीश्याम की रहस्यमयी पहाड़ी

गुजरात के खेड़ा जिले में तुलसीश्याम की पहाड़ियां स्थित हैं। यह प्रकृति के नियमों को चुनौती देती हैं। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि अगर आप यहां पर गाड़ी को न्यूट्रल में छोड़ दें, तो गाड़ी नीचे जाने की बजाय ऊपर की ओर जाने लगती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह भगवान का चमत्कार है, लेकिन वैज्ञानिक इसे चुंबकीय क्षेत्र या ऑप्टिकल इल्यूजन कहते हैं। फिर आज तक इसका कोई सही जवाब नहीं मिल पाया है।

## केरल में जुड़वा लोगों का गांव

केरल के मलप्पुरम जिले में स्थित कोडिन्ही गांव को जुड़वा लोगों का गांव कहा जाता है। यहां पर 2,000 परिवार रहता है, जिसमें 400 से ज्यादा जुड़वां बच्चे हैं। यह विश्व औसत से कई गुना अधिक है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि 2000 के बाद जुड़वां बच्चों की संख्या और बढ़ गई। वैज्ञानिकों ने जेनेटिक्स, खान-पान और पर्यावरण की जांच की, लेकिन कोई ठोस वजह नहीं मिली। यह गांव रहस्य और आश्चर्य का मिश्रण है। कुछ वैज्ञानिक इसे जेनेटिक म्यूटेशन मानते हैं।

## ● रोचक खबरें



## तुर्की में हैं दुनिया के सबसे अनोखे झरने, स्वर्ग जैसा दिखता है नजारा

**नई दिल्ली।** तुर्की (अब तुर्किए) के डेनिजली प्रांत में स्थित पामुक्काले नाम के गांव में दुनिया के सबसे अनोखे गर्म पानी के झरने पाए जाते हैं। यह दिखने में बिल्कुल रूई के महल जैसा लगता है, इसलिए इसे 'कॉटन कैसल' भी कहा जाता है। तुर्किए के पामुक्काले गांव में दुनिया के सबसे अनोखे गर्म पानी के झरने पाए जाते हैं, जो एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भी है। यहां का दृश्य स्वर्ग जैसा प्रतीत होता है। दरअसल, यहां सफेद चूना पत्थरों के जो गर्म झरने हैं वो रूई के महल की तरह प्रतीत होते हैं, इस कारण तुर्की के पामुक्काले को 'कॉटन कैसल' भी कहा जाता है। पामुक्काले गांव नाम तुर्की के पामुक शब्द यानि कॉटन, और क्काले शब्द यानि महल से मिलकर बना है, जो अपनी आश्चर्यजनक ट्रैवर्टीन संरचनाओं के लिए जाना जाता है। ये गर्म झरने कैल्शियम कार्बोनेट से भरपूर हैं, जिसके बारे में ऐसा कहा जाता है कि इसमें त्वचा की स्थिति और गठिया सहित विभिन्न बीमारियों के लिए उपचारात्मक गुण होते हैं। वहीं, खनिज-समृद्ध जल से बनी ट्रैवर्टीन संरचनाएं, सफेद चूना पत्थर की छतों और झरने वाले तालाबों की एक श्रृंखला की तरह दिखती हैं, जो किसी को भी मंत्रमुग्ध कर दे।

## यूरोप का मरीज है तुर्की, जहां कॉफी न मिलने पर पतियों से तलाक ले लेती थीं महिलाएं

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में तुर्की ने पाकिस्तान का साथ दिया, जिसके बाद हर भारतीय इस देश को बॉयकॉट करने की बात कह रहा है। वैसे क्या आप जानते हैं कि इस देश को यूरोप का 'मरीज' भी कहा जाता है और यहां चाय की जगह हर कॉफी मांगने वाले मर्दों को उनकी पत्नियों ने तलाक तक दे दिया। सुनने में आपको ये बात भले ही अजीब लग रही हो, लेकिन ये पूरी तरीके से एकदम सच है। दुनिया के अगर सबसे खूबसूरत देशों की अगर बात की जाए तो उसमें तुर्की का नाम सबसे ऊपर आता है। ये यूरेशिया एक भौगोलिक भूखंड है, जो यूरोप और एशिया महाद्वीप को मिलाकर बना है। इसे आप एशिया और यूरोप का पुल भी कह कह सकते हैं, क्योंकि इस देश का कुछ भाग यूरोप में और अधिकांश भाग एशिया में पड़ता है। इसके अलावा दुनिया इस देश को 'यूरोप का रोगी' यानी 'यूरोप का मरीज' भी कहती है। अगर इस देश के इतिहास की बात की जाए तो ये कई साम्राज्यों के आधीन रहा है। ये देश 530 ईसा पूर्व में ईरान के फारसी साम्राज्य का हिस्सा बना था और कई सालों तक यह यूनानियों द्वारा संघर्ष के कारण ग्रीक और ईरानी साम्राज्यों में बंटा रहा. इतना सबकुछ होने के बाद तुर्की को महान सिंकदर के यूनानी (मेसीडोनी) साम्राज्य में आ गया और फिर (635 ईस्वी) में यहां इस्लाम को खूब फला-फूला और औगुज, सल्जूक और उस्मानी लोग सुन्नी मुस्लमान बन गए।



## मिला 60 करोड़ साल पुराना 'खजाना' खुलेगा पहाड़ों में समंदर का गहरा राज

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में दुनिया के सबसे प्राचीन पृथ्वी के स्ट्रोमैटोलाइट्स जीवाश्म मिलने का दावा किया गया है। ये जीवाश्म गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हैं। इन्हें टेथिस जीवाश्म संग्रहालय के संस्थापक डॉ. रितेश आर्य ने खोजा है। उन्होंने दावा किया है कि ये जीवाश्म 60 करोड़ साल से भी अधिक पुराने हैं, जो पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की कहानी बताते हैं। ये जीवाश्म चंबाघाट के पास जोलाजोरां गांव में मिले हैं। डॉ. आर्य ने कहा कि स्ट्रोमैटोलाइट्स समुद्र की उथली सतहों पर माइक्रोबियल चादरों से बने परतदार पत्थर होते हैं। ये दर्शाते हैं कि सोलन क्षेत्र कभी टेथिस सागर का समुद्री तल हुआ करता था। यह सागर कभी गोंडवाना (जिसमें भारत, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका शामिल थे) और एशिया के बीच था। डॉ. आर्य ने कहा कि जब पृथ्वी की हवा में ऑक्सीजन नहीं थी और ग्रीनहाउस गैसें छाई थीं, तब इन्हीं सूक्ष्म जीवों ने करीब 2 अरब साल में धीरे-धीरे ऑक्सीजन बनाना शुरू किया, इससे आगे जाकर जीवन संभव हुआ। अगर स्ट्रोमैटोलाइट्स नहीं होते तो आज ऑक्सीजन भी नहीं होती। डॉ. आर्य इससे पहले सोलन के धर्मपुर के कोटी में, चित्रकूट और हरियाणा के मोरनी हिल्स से भी इन्हें खोज चुके हैं।



# गजब परंपरा! झारखंड के इस मंदिर में भगवान नहीं, घोड़े की होती है पूजा

**जमशेदपुर। झारखंड की सांस्कृतिक विरासत में कई रहस्य और आस्थाओं की झलक मिलती है, पर सरायकेला जिले के गम्हरिया प्रखंड में स्थित घोड़ा बाबा मंदिर एक ऐसी अनोखी परंपरा का प्रतीक है, जिसे सुनकर कोई भी हैरान रह जाए। यहां भक्त भगवान की मूर्ति को नहीं, बल्कि एक पौराणिक प्रतीक 'घोड़ा बाबा' की आराधना करते हैं। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु इस मंदिर में प्रसाद स्वरूप असली घोड़ा नहीं, बल्कि मिट्टी के घोड़े और हाथी चढ़ाते हैं, जो श्रद्धा और आस्था का प्रतीक माना जाता है।**

## मंदिर का प्रसाद नहीं ले जा सकते हैं घर



जमशेदपुर से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस मंदिर में साल में एक बार, विशेषकर मकर संक्रांति के अगले दिन विशाल जनसमूह एकत्र होता है। उस दिन भक्तजन दूर-दराज से आकर घोड़ा बाबा की पूजा करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। यहां की सबसे रोचक परंपरा यह है कि मंदिर से मिलने वाला प्रसाद जैसे केला और नारियल, भक्त अपने घर नहीं ले जा सकते हैं। उन्हें या तो मंदिर परिसर में ही ग्रहण करना होता है, या सावधानीपूर्वक किनारे रख देना होता है, ताकि कोई अपवित्रता न हो। यह परंपरा भक्तों के भीतर आस्था के साथ-साथ अनुशासन और श्रद्धा का भाव भी भर देती है।



## कुम्भकार जाति की महिलाएं नहीं जातीं मंदिर

पूर्व में इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित था। विशेषकर कुम्भकार जाति, जो इस मंदिर का संचालन करती है, उनकी महिलाएं आज भी मंदिर नहीं जातीं। हालांकि, समय के साथ यह परंपरा काफी हद तक समाप्त हो चुकी है और अब 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति है।

## वैज्ञानिकों ने की 3 आंखों वाले 'राक्षस' की खोज, कहलाता था समंदर का शिकारी

**लंदन।** समंदर की गहराई में कई ऐसे रहस्य आज भी छुपे हुए हैं, जिनके बारे में हम नहीं जानते। अक्सर वैज्ञानिक समुद्री रहस्यों से जुड़े खोज करते रहते हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ही जीव के बारे में पता लगाया है, जिससे जुड़ी स्टडी हाल ही में रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में पब्लिश हुई। शोध के अनुसार, जीवाश्म वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि 50 करोड़ साल पहले धरती पर समुद्र के अंदर तीन आंखों वाला एक ऐसा शिकारी जीव रहता था, जिसके कांटेदार पंजे होते थे और मुंह दांतों से भरा था। देखने में ये किसी राक्षसी जीव का अहसास दिलाता है। ये उस दौर की बात है, जब धरती पर जीवन की शुरुआत हो रही थी। इस अनोखे जीव का नाम मोसुरा फेंटोनी है, जो कनाडा के रॉकी पर्वतों में बर्गेस शेल में मिला। मोसुरा कोई मछली नहीं था, बल्कि रेडियोडॉन्ट समूह का हिस्सा था, जो कैम्ब्रियन काल के खूंखार समुद्री शिकारी थे. बता दें कि बर्गेस शेल 1980 से यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है।




**भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड**
**(जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार)**
**मुख्यालय : एनएसआईसी बिजनेस पार्क, एनएसआईसी एस्टेट, ओखला फेज-III, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110020**
सत्यमेव जयते
ट्राईफेड TRIFED

**रुचि की अभिव्यक्ति**
**REF: TRIFOOD/0&M/ 2025**

जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) ने "ट्राइफूड" इकाई, जो की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज के सृजन से लघु वन उपज के मूल्य संवर्धन के लिए एक एमएफपी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है।

ट्राइफेड जगदलपुर, छत्तीसगढ़ में ट्राइफूड इकाई के संचालन एवं प्रबंधन के लिए ऑपरेटर के रूप में कार्य करने हेतु प्रतिष्ठित निजी/सरकारी एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

| क्रम संख्या | विवरण | तारीख |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन की तिथि | 16.05.2025 |
| 2. | जमा करने की अंतिम तिथि | 16.06.2025 (4:00 PM) |
| 3. | ईओआई प्रसंस्करण शुल्क (वापसी योग्य नहीं) | Rs 5,000/- (मात्र पांच हजार रुपये) |
| 4. | बोली-पूर्व बैठक | 28.05.2025 |
| 5. | तकनीकी बोली खोलना | 16.06.2025 (5:00 PM) |

निविदा दस्तावेज https://trifed.tribal.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

cbc 43104/12/0003/2526 GM (I/c), CAD


## बिहार का एक ऐसा परिवार, जहां पैदा होते हैं सिर्फ अंग्रेज! हर सदस्य दूध-सा गोरा

**पटना।** आज के समय में मेडिकल साइंस ने काफी तरक्की कर ली है। कई ऐसी बीमारियां, जिसका एक समय पर इलाज नहीं था, आज उसकी दवाइयां आ चुकी है। जिन बिमारियों से पहले लोग घबरा जाते थे, अब उसका इलाज कर छुटकारा पा लेते हैं। लेकिन, ऐसी कई बीमारियां अभी भी मौजूद हैं जो जेनेटिक होती हैं। जेनेटिक बीमारियां वो होती हैं, जो एक पीढ़ी से दूसरी में ट्रांसफर होती है। जेनेटिक बिमारियों का इलाज करना थोड़ा मुश्किल होता है। बिहार के गोपालगंज में एक परिवार ऐसी ही जेनेटिक बीमारी को कई पीढ़ियों से ढो रहा है। इस परिवार में कई पीढ़ियों से ऐल्बिनिज़म नाम की जेनेटिक बीमारी ट्रेवल कर रही है।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
**Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,**
**website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com**

**No.04-04/W/279** **Raipur, date 14-05-2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/2025/28 | Widening of existing cement concrete road including extension of CC road and separate exit to avoid blind corner near gate No. 02 at silo road at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 7.62 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/29 | Providing and fixing of profile sheet through replacement of damaged GI sheet & AC sheet at General section and Store rooms of BMD-I, Coal sampling cell, Parking shed near CHP:INT Control room and Communication office at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West | 11.70 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2025/30 | Annual Civil maintenance (mason work) of 1x500 MW Extn., unit at HTPS, CSPGCL, Korba West | 5.42 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/2025/31 | Annual sweeping and cleaning of ADM Building, Security Building & Roads inside KTPS premises including removal of debris from power house & cleaning of lavatory of KTPS, CSPGCL, Korba East | 8.92 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/32 | Annual operation & maintenance of Sewage Treatment Plant (STP) at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir- Champa | 10.62 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/33 | Providing, laying & connecting new G.I. line from existing colony STP GI line to Colony gardens & Land scape in Colony area at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 18.42 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/34 | Internal & external painting of technical building (Service building), EMD-II, Canteen and ECR buildings at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir- Champa | 6.97 Lacs |
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2025/35 | Painting work in NDCT Basin wall & internal columns structures during COH period of unit-I at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa | 8.03 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

**SAVE ELECTRICITY** **Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Raipur**



TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI

भरोसे की सच्ची मिसाल!
TRUE VALUE के साथ जुड़ चुके है 50 लाख हैप्पी कस्टमर्स.




अपनी कार बेचने/खरीदनें के लिए स्कैन करें
छवियों का इस्तेमाल केवल उदाहरण मात्र है

376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
वेरिफाइड कार हिस्ट्री*
1 साल तक की वारंटी और 3 फ्री सर्विस*

पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश के कारण होता है।
TRUE VALUE CERTIFIED

**BILASPUR: PARSADA, TRANSPORT NAGAR:** M SQUARE MOTORS: 7000857522 | **INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | **KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | **RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | **AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS:** 7583887512, 6261683314.

स्पेशल : इंटरनेशनल म्यूज़ियम-डे, 18 मई

जानकारी / शिखर चंद जैन

# भारत के प्रसिद्ध म्यूज़ियम्स यहां संग्रहित हैं अनोखी वस्तुएं

बच्चो, म्यूज़ियम यानी संग्रहालय ऐसी जगह होती है, जहां कला, संस्कृति, इतिहास और विज्ञान से जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलता है। इन्हें देखकर ज्ञानवर्धक जानकारियां तो मिलती ही हैं, साथ ही अनोखे अनुभव भी मिलते हैं। जानो, देश के कुछ म्यूज़ियम्स के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं।




## वीएमआरडीए आईएनएस कुरसुरा पनडुब्बी संग्रहालय विशाखापत्तनम

**भारतीय नौसेना** (इंडियन नेवी) की नॉन-एक्टिव सबमरीन (सेवामुक्त हो चुकी पनडुब्बी) आईएनएस कुरसुरा में यह संग्रहालय स्थित है। यह संग्रहालय, भारत के नौसैनिक इतिहास और समुद्री विरासत के बारे में जानकारी देता है। यहां तुम पनडुब्बी के चेंबर्स, कंट्रोल रूम और लिविंग रूम्स को विजिट कर सकते हो। साथ ही तुम पनडुब्बी चालकों (सबमरीन ड्राइवर्स) की लाइफस्टाइल के बारे में भी जान सकते हो। *

## डॉन बॉस्को स्वदेशी संस्कृति म्यूज़ियम शिलांग

**इस म्यूज़ियम** में पूर्वोत्तर भारत की विविध स्वदेशी संस्कृतियां, आदिवासी परंपराएं, कला और शिल्प से जुड़ी सामग्री देखने को मिलती हैं। यहां तुम आदिवासियों के झोपड़ी जैसी कलाकृतियों के साथ-साथ उनके पारंपरिक वेशभूषा, संगीत, वाद्ययंत्रों के अलावा आदिवासियों के रहन-सहन और उनकी संस्कृति से जुड़ी कई आकर्षक और आश्चर्यजनक चीजें देख सकते हो। इसके अलावा, यहां एक स्काईवॉक की भी व्यवस्था है, जहां से तुम्हें इस म्यूज़ियम और शिलांग के अद्भुत नजारे देखने को मिलेंगे। *





## हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूज़ियम गुरुग्राम

**परिवहन यानी** ट्रांसपोर्ट हमारी डेली लाइफ का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित इस म्यूज़ियम में तुम इंडियन ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलग-अलग दौर में इस्तेमाल में आने वाले एंटीक व्हीकल्स देख सकते हो। इस म्यूज़ियम में पुरानी कारों, मोटरसाइकिलों, रेलवे कोचों, विमानों और परिवहन के अन्य साधनों के संग्रह हैं। बच्चो, तुम यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, मल्टीमीडिया डिस्प्ले के माध्यम से ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी के विकास के साथ-साथ समाज और संस्कृति पर इसके प्रभाव को भी जान-समझ सकते हो। *

## सालार जंग म्यूज़ियम हैदराबाद



**मीर यूसुफ** अली खान, जिन्हें सालार जंग तृतीय के नाम से भी जाना जाता है, हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली के कार्यकाल में प्रधानमंत्री रहे थे। मीर यूसुफ को दुर्लभ वस्तुएं, कलाकृतियां, पांडुलिपि आदि इकट्ठा करने का शौक था। उनके पश्चात उनके परिवार और अगली पीढ़ियों द्वारा भी इस म्यूज़ियम के लिए कलाकृतियों एवं अन्य वस्तुओं का संग्रह किया जाता रहा। आज इस संग्रहालय में एक मिलियन यानी दस लाख से अधिक कलाकृतियां और अन्य संग्रहणीय सामग्रियां रखी हुई हैं। *

## शंकर अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय नई दिल्ली



**इस म्यूज़ियम** की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट शंकर पिल्लई ने की थी। खास बात यह है कि इस म्यूज़ियम में दुनिया के किसी भी अन्य डॉल म्यूज़ियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। इस म्यूज़ियम में लगभग 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स तुम्हें देखने को मिलेंगी। इन डॉल्स की बनावट, पारंपरिक पोशाक और सांस्कृतिक महत्व को देखकर-जानकर तुम्हें आश्चर्य होगा। *

## इंडियन म्यूज़ियम कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के कोलकाता में स्थित इंडियन म्यूज़ियम, देश का सबसे बड़ा म्यूज़ियम है। इसे स्थानीय लोग अजायबघर या जादूघर भी कहते हैं। 1814 में बना यह म्यूज़ियम भारत का सबसे पुराना म्यूज़ियम है। यहां कई कलाकृतियां तो 2000 साल पुरानी हैं। यहां प्रागैतिहासिक काल के भारत के सांस्कृतिक इतिहास को समेटा गया है। इंडियन म्यूज़ियम में कई खंडों में विविध विषयों, जैसे-इतिहास, कला, पुरातत्व, जंतु शास्त्र, वनस्पति शास्त्र एवं अन्य कई विषयों से जुड़ी सामग्रियां देखी जा सकती हैं। इस म्यूज़ियम में सिंधु घाटी की सभ्यता के अवशेष से लेकर मिस्र की ममीज तक देखी जा सकती हैं।



स्पेशल : इंटरनेशल ड्रॉइंग-डे

# ड्रॉइंग करने से बढ़ेगी क्रिएटिविटी इंप्रूव होगी पर्सनालिटी

बच्चो, तुमको चित्र बनाकर उसमें मनचाहे रंग भरने में बहुत मजा आता होगा, है न! क्या तुम जानते हो, ड्रॉइंग करने की शुरुआत कब हुई और इससे क्या-क्या फायदे होते हैं? आज ड्रॉइंग-डे के अवसर तुम्हें बता रहे हैं, इससे जुड़ी रोचक बातें।

क्रिएटिव आर्ट
कुमार गौरव अजीतेंदु



बच्चो, चित्रकारी यानी ड्रॉइंग एक बहुत रोचक आर्ट है। बच्चे ही नहीं कई बड़ी उम्र के लोगों को भी इसमें काफी इंटरेस्ट होता है। कई लोग तो ड्रॉइंग को ही अपना करियर बना लेते हैं और इसके जरिए खूब नेम-फेम पाते हैं। ड्रॉइंग के महत्व को लोगों को बताने के लिए ही प्रत्येक वर्ष 16 मई (आज के दिन) को 'अंतरराष्ट्रीय चित्रकारी दिवस' या 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग डे' के रूप में मनाया जाता है।

**कब मनाया गया पहला ड्रॉइंग-डे:** साल 2008 में दुनिया भर में पहली बार 'इंटरनेशनल ड्रॉइंग-डे' मनाया गया था। इस अवसर पर ड्रॉइंग के फील्ड से जुड़े लोगों को अपनी क्रिएटिविटी, अपने आर्ट को ऑनलाइन शेयर करने के लिए इनवाइट किया जाता है। साथ ही ड्रॉइंग से होने वाले लाभों से अवगत कराने और ड्रॉइंग में लोगों की रुचि जगाने के उद्देश्य से यह दिन मनाया जाता है।

**होते हैं अनेक फायदे:** ड्रॉइंग के माध्यम से तुम अपनी इमेजिनेशन, अपनी नॉलेज और क्रिएटिविटी को अधिक प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल इंप्रूव होती हैं। इसके अलावा भी ड्रॉइंग के कई फायदे होते हैं, जैसे-

**मिलती है हैप्पीनेस:** ड्रॉइंग करते समय मन शांत और एकाग्रचित्त होता है। इसलिए जब तुम ड्रॉइंग करते हो, तब टेंशनफ्री और हैप्पी रहते हो।

**बढ़ता है कॉन्फिडेंस:** जब तुम अपनी इमेजिनेशन से कोई अच्छी ड्रॉइंग बनाते हो, तो इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ता है।

**फीलिंग्स एक्सप्रेशन का तरीका:** ड्रॉइंग के जरिए तुम अपनी हर फीलिंग को बेहतर ढंग से एक्सप्रेस कर सकते हो। इससे तुम्हें सेल्फ-सैटिस्फेक्शन मिलता है।

**स्ट्रेस होता है दूर:** कई शारीरिक-मानसिक रोगों के ट्रीटमेंट में ड्रॉइंग एक थेरेपी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इससे टेंशन और स्ट्रेस दूर होता है, मानसिक सुकून मिलता है।

**ऐसे मनाओ ड्रॉइंग डे:** तुम चाहो तो अपने फ्रेंड्स के साथ मिलकर ड्रॉइंग-डे को स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट कर सकते हो। इसके लिए तुम सब कोई एक थीम सेलेक्ट कर लो फिर एक निश्चित समय में उस थीम पर बेस्ड ड्रॉइंग बनाओ। इस कॉम्पिटिशन में किसकी ड्रॉइंग बेस्ट है, इसका डिसीजन करने के लिए अपने आर्ट टीचर या आस-पड़ोस के अंकल की हेल्प ले सकते हो, जिन्हें ड्रॉइंग में इंटरेस्ट हो। *

### ड्रॉइंग से जुड़े कुछ फैक्ट्स

- इंसानों ने अब से लगभग 30,000 वर्ष पहले चित्र बनाना शुरू कर दिया था।
- 1797 में निकोलस-जैक्स कोंटे ने पेंसिल का आविष्कार किया, इससे चित्र बनाना आसान हो गया।
- अधिकांश चित्र सरल ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, वर्ग और त्रिभुज से शुरू होते हैं।
- प्राचीन काल में लोग कहानियां सुनाने या जानकारी साझा करने के लिए गुफाओं की दीवारों पर चित्र बनाते थे।
- प्राचीन मिस्रवासी चित्रकला को लेखन के के रूप में प्रयोग करते थे, जिसे 'हाइरोग्लाइफिक्स' कहा जाता था।
- 1984 में पहला मैकिंटोश कंप्यूटर तैयार किया गया, जिसमें पेंट प्रोग्राम 'मैकपेंट' था, जिसने डिजिटल ड्रॉइंग और डिजाइन की नई सुविधाएं मिलीं।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# आस-पास की कहानियां



जैसा कि इस किताब के नाम (बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से) से ही पता चलता है यह 'किस्सों' की किताब है। इसे पढ़ते हुए पता चलता है कि किताब के सभी चौदह 'किस्से' हमारे आस-पास घटने वाली छोटी-छोटी घटनाएं हैं। तरह-तरह की 'बातें' हैं, जो ध्यान से देखने पर हमें चौंकाती हैं।

किताब में दिए इन किस्सों के विभिन्न चरित्र कुछ जाने-पहचाने से दिखते हैं- बहुत साधारण, सीधे-सादे और अपने में मस्त। लेकिन उनकी अपनी कुछ खास आदतें, सनक या कहें किसी काम को करने की धुन, जिन्हें लेखक जिस अंदाज में हमारे बीच रखता है, ये अपने आप में अनोखा बना देती हैं। इन किस्सों के साथ दिए किताब के रंग-बिरंगे वाटर-कलर से बने चित्र सामान्य चित्रों से अलग और सुंदर दिखते हैं। *

**किताब:** बारह सौ की बाटी और अन्य किस्से, **लेखक:** शिवनारायण गौर, **चित्रकार:** नीलेश गहलोत, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## बूझो तो जानें

1
चिंगारी से वो भड़क जाए।
सूखी लकड़ी-कंडे खाए।
छूने चलो, तो अंग जलाए।
पानी पीते ही मिट जाए।

2
सब कहते हैं जुड़वां भाई
पैरों में ही जगह है पायी।
कहीं एक साथी खो जाए
दूजा कोई काम न आए।

3
जोड़, घटाना, गुणा, भाग है
मेरे बाएं हाथ का काम।
कभी नहीं गलती करता हूं
मित्र! बताओ मेरा नाम।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.आग, 2.जूते, 3.कैल्कुलेटर

## जीके क्विज-154

1. हाल में किस प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा की?
2. 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. इसरो के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
4. भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा को किस नाम से जाना जाता है?
5. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?
6. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को उनके पद की शपथ कौन दिलवाता है?
7. विश्व की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
9. दुनिया में सबसे अधिक रबड़ का उत्पादन किस देश में होता है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-154 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-153 का उत्तर :** 1.स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.वायुसेना उपप्रमुख, 4.15 मई, 5.ग्यारह, 6.रानी लक्ष्मीबाई, 7.बुध, 8.लियोनार्दो द विंची, 9.नाइट्रस ऑक्साइड, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-153 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, प्रज्ञा-रायपुर, मुस्कान-कोंडागांव, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, कमल-महेंद्रगढ़, अमन-रोहतक, कशिश-महासमुंद, रोशन-दुर्ग, गुंजन-भोपाल, जतिन-रायगढ़

कहानी / क्षमा शर्मा

स्कूल में गर्मी की छुट्टियां क्या हुईं, मिनी का घर से निकलना बंद हो गया। घर में यही कहा जाता-बाहर धूप तगड़ी है, लू लग जाएगी। बेचारी मिनी करे तो क्या करे? तुम्हारे लिए बहुत प्यारी-सी कहानी।

# मिनी की परेशानी



मिनी की छुट्टियां क्या हुईं, सवेरे से ही सब उसे पुकारने लगते, 'मिनी, जल्दी उठो। फ्रेश होओ। ब्रश करो। दूध पिओ, फिर नीचे खेलने जाओ।' दादी कहतीं, 'नहीं मिनी, बाहर तो अभी से इतनी तेज धूप है। देख रही हो न कि पेड़-पौधे भी धूप से कैसी हाय-हाय कर रहे हैं। कहीं मत जाओ। जो खेलना हो, घर के अंदर खेलो। और बाहर जाओ भी तो पेट भरकर पानी पीकर, फिर लू नहीं लगेगी।'

'लो जी, पेट भरकर पानी ही पी लेगी तो दूध कैसे पिएगी, नाश्ता कैसे करेगी?' मम्मी, दादी से शिकायत करती-सी पूछतीं। बेचारी मिनी, मम्मी की सुने कि दादी की।

तभी भइया अंदर वाले कमरे से चिल्लाता, 'मेरे जूते नहीं मिल रहे हैं। जरूर इस मिनी ने ही इधर-उधर किए होंगे। इसे जूतों से फुटबॉल खेलने की आदत जो है।'

मिनी धीरे से बोली, 'तो ला दो न एक अच्छी-सी फुटबाल, नहीं खेलूंगी फिर जूतों से। पता है, कभी नहीं लाएगा। कंजूसड़ा कहीं का। जब देखो तब मुझसे ही पैसे मांगता रहता है।' वैसे तो बात यह है कि उसने जूते कहीं इधर-उधर नहीं किए थे। मिनी मन ही मन सोचती है, 'इसी ने कहीं इधर-उधर उतारे होंगे। जहां भी कुछ रखता है, कभी याद नहीं रहता है इसे। कभी पेन, कभी चाबी, कभी पासवर्ड हमेशा कुछ न कुछ भूला या खोया रहता है इसका और नाम लगा रहा है मेरा। हुंह... इससे तो अच्छी थी कि स्कूल ही जाती।'

'अरे मिनी, यह अपने से ही क्या बातें कर रही है?' पापा ने जाते-जाते पूछा तो वह तकिए में मुंह छिपाती बोली, 'कुछ नहीं पापा, पोयम याद कर रही थी।'

'अच्छा भई हम भी तो सुनें तुम्हारी पोयम।' पापा पलंग के पास आकर बैठ गए तो मिनी ने ऐसे दिखाया जैसे वह सो रही हो और सपने में ही पापा की बात का जवाब दिया हो। पापा ने मान भी लिया, 'अरे, लड़की तो सो रही है अभी। चलो, सोने दो। नहीं तो बेचारी हर रोज सुबह उठती है। सवेरे की उठी-उठी रात को सो पाती है। बच्चों को भी बड़ों की तरह बस रात-दिन काम ही काम है।' जब भइया चला गया, पापा दफ्तर के लिए निकले, उसने कार स्टार्ट करने की आवाज सुन ली और उसके कुछ देर बाद मम्मी शालू आंटी से मिलने चली गईं और दादी पूजा करने लगीं। अब पूजा भी तो पूरे दो घंटे की। मिनी को लगा कि अब बस दो घंटे तक कोई उससे यह नहीं कहेगा, 'अरे मिनी, यह क्या कर दिया, वह क्या कर दिया, यह लड़की तो किसी की नहीं सुनती है, टीचर से कहना पड़ेगा। कल ही तो इतनी महंगी डॉल दिलवा कर लाए थे और आज उसके बाल उखाड़ दिए।' ओह डॉल से अच्छा याद आया, मिनी को तो आज उसकी आंख ठीक करनी थी। कितने तो काम थे। मिनी ने फौरन खिलौनों की अलमारी खोली और सोचने लगी कि कैसे आंख ठीक करे? उसकी नीली आंख अंदर चली गई थी। भइया ने नीले बॉल प्वॉइंट से उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह और अंदर घुस गई। पूरी आंख पर नीला रंग फैल गया। भइया तो गुड़िया को फेंक कर चला गया। अब एक आंख की गुड़िया उसे अच्छी नहीं लगती। तो उसे याद आया कि उसके टॉमी कैट की आंखें भी तो नीली हैं। उसने टॉमी को अलमारी से बाहर निकाला। फिर सोचने लगी, 'अगर इसकी एक आंख डॉल को लगा भी दूं तो फिर इसके लिए दूसरी आंख कहां से लाऊंगी?'

मिनी ने सोचा दादी से पूछे लेकिन वह तो पूजा कर रही थीं। तो फिर किससे पूछे? उसने शालू आंटी के यहां गईं मम्मी को फोन किया। मम्मी बिगड़ गईं, 'क्या मिनी, कभी चैन से नहीं रहने देती। अब तू अपनी गुड़िया का किस्सा ले बैठी। घर आकर करती हूं बात।' 'लो मम्मी खुद तो चली गईं और मुझे धूप का बहाना बनाकर दादी ने नीचे पार्क में भी खेलने नहीं जाने दिया। क्या बड़ों को धूप नहीं लगती?' मिनी बुदबुदाई।

मिनी ने डॉल को फिर से अलमारी में रखा। मम्मी लौटेंगी तो उनसे उसकी आंख ठीक कराएगी, फिर बालकनी में जाकर बाहर देखने लगी। पार्क में एक मैना घास से बीन कर कुछ खा रही थी कि एक गिलहरी उसके पीछे दौड़ी। मैना डर से दूर भाग गई तो गिलहरी वहां खाने लगी। पता नहीं वह क्या खा रही थी। मैना ने फिर उधर कदम बढ़ाया तो इस बार दो गिलहरियों ने उसका पीछा किया। मिनी को इस खेल में बहुत मजा आया। लगा जैसे कि गिलहरी और मैना छुआ-छुई का खेल खेल रही हों। तभी टॉमी कैट जैसा एक बिल्ला एक गौरैय्या की तरफ दबे पांव बढ़ा। मिनी जोर से चिल्लाई, 'भागो-भागो..!' और तालियां बजाने लगी। ताली की आवाज से गौरैय्या उड़ गई। दोनों गिलहरियां भाग गईं और बिल्ला देखता रह गया। उसके शिकार जो हाथ से निकल गए थे। तभी दादी ने आकर पूछा, 'किसे भगा रही थी मिनी?' उसके मुंह से निकला, 'टॉमी कैट को।'

'टामी कैट को! क्या तूने अपना बिल्ला भी डॉल की तरह तोड़कर खराब कर दिया और बाहर फेंक दिया? कितना नुकसान करती है री लड़की।' कहती हुई दादी तो तुलसी को पानी देने लगीं। मिनी ने उनकी नकल उतारी, 'कितना नुकसान करती है री लड़की!' और वहां से भाग गई। दादी पुकारती ही रह गईं, 'मिनी, ओ मिनी, कहां भाग गई, बाहर मत जाना बहुत धूप है..।'

'हां दादी, अब सवेरे से शाम तक पुकारो मुझे। पता नहीं ये छुट्टियां आती ही क्यों हैं?' मिनी भुनभुनाई। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल



## गरमी की अगवानी

भैया, दीदी, नाना, नानी-
करते गरमी की अगवानी।
उठा हाथ तेरे स्वागत में
ट्विस्ट कर रहे सूती कपड़े,
पतला कुर्ता, धोती पतली
गुन-गुन गीत गा रहे अकड़े,
जेल गए अब गर्म वस्त्र सब-
खूब दिखा अपनी मनमानी।
खरबूजों की, तरबूजों की
फसल तीव्र गति से मुस्काती,
आड़ू, जामुन, आम, लीचियां
बने हुए हैं प्यारे साथी,
'मुझसे करो दोस्ती पक्की'-
कहता ठंडा-ठंडा पानी।
खड़ी हुई-बांहें फैला,
कुल्फी और बर्फ की सिल्ली,
आओ खेलें मिलकर सारे
खेल अनोखा डंडा-गिल्ली,
शीतल पेय छेड़ने बैठे-
धुन प्यारी जानी-पहचानी।

## रंग भरो-175

**रंग भरो-175** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



रितेश, मटियारी



श्वेता, रायपुर



रशिका, जांजगीर



दीत्या, अहिवारा



भाविका, सरोरा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, भावी-धमतरी, चहक-कोसली, डिंपल-दुर्ग, गौरांग-रायपुर, पलक-धमतरी, परिधि-ईमेल से, सानवी-अंबिकापुर, तेजस-सरोरा, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विक्की-बिलासपुर।

## रंग भरो 176

बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान के बाद भी एप्पल भारत में निवेश जारी रखेगा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली एप्पल की भारत में निवेश की योजनाएं बरकरार हैं और कंपनी ने देश में अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के तुरंत बाद, भारतीय अधिकारियों ने अमेरिका के क्यूपर्टिनो स्थित कंपनी के अधिकारियों से बात की। ट्रंप ने बयान में कहा कि उन्होंने एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक से भारत में विनिर्माण में कमी करने के लिए कहा है।

### एप्पल ने अभी सवालों का कोई जवाब नहीं दिया

सूत्र ने कहा, "एप्पल ने कहा है कि भारत में उसकी निवेश योजनाएं बरकरार हैं और वह भारत को अपने उत्पादों के लिए एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में जारी रखने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एप्पल को ई-मेल के जरिये भेजे गये सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है।

## ट्रंप ने टिम कुक से भारत में विनिर्माण कम करने कहा था



### ट्रंप नहीं चाहते एप्पल भारत में अपने उत्पाद बनाए

इससे पहले, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कुक से बात की और उन्हें बताया कि वह नहीं चाहते कि एप्पल भारत में अपने उत्पाद बनाए और इसके बजाय अमेरिका में उत्पादन बढ़ाए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "जैसा कि आप जानते हैं, हमारे पास एप्पल है... और कल मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, आप मेरे मित्र हैं। मैंने आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। आप 500 अरब डॉलर लेकर आ रहे हैं। लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि आप पूरे भारत में विनिर्माण करने जा रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि आप भारत में विनिर्माण करें। यदि आप भारत का ख्याल रखना चाहते हैं तो आप भारत में विनिर्माण कर सकते हैं।"



### अब आपको हमारे लिए फोन बनाना होगा: ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है और भारत में सामान बेचना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा, ...मैंने टिम से कहा... हमने आपके साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। हमने चीन में आपके बनाये सभी संयंत्रों को वर्षों तक बर्दाश्त किया। अब आपको हमारे लिए विनिर्माण करना होगा। हमें इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि आप भारत में विनिर्माण करें।

### अमेरिका के लिए एप्पल भारत से लेगी फोन : कुक

भारत खुद अपना देखभाल कर सकता है। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि आप यहां विनिर्माण करें। और एप्पल संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने जा रही है। कुक ने घोषणा की है कि कर अनिश्चितता के बीच एप्पल जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले ज्यादातर आईफोन भारत से लेगी, जबकि चीन में अन्य बाजारों के लिए मोबाइल फोन का विनिर्माण किया जाएगा।"

## खबर संक्षेप

### अरविंद मिल का लाभ 48% बढ़कर 154.64 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** कपड़ा और परिधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अरविंद लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 48 प्रतिशत बढ़कर 154.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 104.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 प्रति डॉलर



**मुंबई।** आयातकों की डॉलर मांग और विदेशी कोषों की निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ 85.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपये में गिरावट आई।

### जीएमडीसी का मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गुजरात खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 226.22 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 187.24 करोड़ रुपये था।

## देश में पहली बार मासिक आधार पर बेरोजगारी दर नापी गई

# पहले मासिक रोजगार आंकड़े जारी, अप्रैल में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में पहली बार मासिक आधार पर मापी गई बेरोजगारी की दर इस साल अप्रैल में 5.1 प्रतिशत रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वास्तविक समय में देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की निगरानी के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया।

इसके पहले तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही और वार्षिक आधार पर ही जारी किया जाता था। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र हालिया आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल, 2025 के दौरान प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही।

**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े** → **पहले श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही व वार्षिक आधार पर होता था** → **प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही**



### महिलाओं में बेरोजगारी दर पांच फीसदी

पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर पांच प्रतिशत रही। इस दौरान देश भर में 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी। सीडब्ल्यूएस का आशय सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधि स्थिति से है।

### शहरी क्षेत्रों में अनुपात 47.4 प्रतिशत रहा

आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में डब्ल्यूपीआर 55.4 प्रतिशत थी। अप्रैल में शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात 47.4 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर समग्र डब्ल्यूपीआर 52.8 प्रतिशत दर्ज किया गया था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में डब्ल्यूपीआर क्रमशः 36.8 प्रतिशत और 23.5 प्रतिशत थी।

### महिलाओं की डब्ल्यूपीआर 32.5 फीसदी

राष्ट्रीय स्तर पर समान आयु वर्ग की समग्र महिला डब्ल्यूपीआर 32.5 प्रतिशत थी। उन्नत कवरेज के साथ उच्च आवृत्ति वाले श्रम बल संकेतकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, जनवरी 2025 से पीएलएफएस की नमूना पद्धति में सुधार किया गया है। अप्रैल, 2025 के दौरान देश भर में कुल 7,511 प्रथम चरण नमूनाकरण इकाइयों का सर्वेक्षण किया गया है।

### अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी घटी

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में एलएफपीआर क्रमशः 79.0 प्रतिशत और 75.3 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2025 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी की दर 38.2 प्रतिशत थी।

### महिलाओं में बेरोजगारी दर अधिक

अध्ययन से यह भी पता चला कि 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में (ग्रामीण एवं शहरी) 14.4 प्रतिशत थी, जबकि शहरों में यह 23.7 और गांवों में 10.7 प्रतिशत थी। देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत थी।

### एलएफपीआर 55.6 प्रतिशत

आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल, 2025 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58.0 प्रतिशत थी जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत थी।

# भारत में कच्चे तेल की मांग चीन की तुलना में दोगुनी रफ्तार से बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ओपेक ने अपने नवीनतम परिदृश्य में कहा
- भारत की तेल मांग बढ़कर 57 .4 लाख बैरल प्रति दिन

तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक' ने अपने नवीनतम वैश्विक परिदृश्य में कहा है कि भारत की कच्चे तेल की मांग वर्ष 2025 और 2026 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है और यह चीन की मांग की तुलना में दोगुनी होगी।

भारत की तेल मांग वर्ष 2024 में 55.5 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से बढ़कर वर्ष 2025 में 57.4 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है, जो कि 3.39 प्रतिशत की वृद्धि है। इसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से मदद मिलेगी। अनुमान है कि 2026 में यह 4.28 प्रतिशत की दर से बढ़कर 59.9 लाख बीपीडी हो जाएगी। मांग में यह वृद्धि 2025 में चीन की तेल मांग में 1.5 प्रतिशत और 2026 में 1.25 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि से अधिक है।

### वैश्विक तेल मांग में होगी वृद्धि

अमेरिका में 2025 में 0.09 प्रतिशत और 2026 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। धीमी वृद्धि के बावजूद, ओपेक को उम्मीद है कि 2025 और 2026 दोनों में वैश्विक तेल मांग में 13 लाख बीपीडी की वृद्धि होगी, जो इसके पिछले पूर्वानुमान से अपरिवर्तित है। ओपेक मासिक तेल बाजार रिपोर्ट में कहा गया, "भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष की शुरुआत से लगातार बढ़ रही है।

# सोना 1800 रुपए गिरकर 95,050 रुपए प्रति 10 ग्राम

- चांदी की कीमतों में भी लगातार गिरावट जारी
- चांदी 1000 रुपए घटकर 97 हजार रुपए प्रति किलोग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 95,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये गिरकर 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बुधवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 96,850 रुपये और 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, निवेशकों के सुरक्षित-संपत्तियों से दूर जाने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है।

**अमेरिका-चीन समझौते का असर**: अमेरिका और चीन के बीच 90 दिन के लिए शुल्क कम करने पर सहमति बनने से बड़े पैमाने पर व्यापार युद्ध की आशंकाओं को कम कर दिया है।" चांदी की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही, जो 1,000 रुपये घटकर 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

# दूरसंचार क्षेत्र में युवा स्नातकों की भर्ती का इरादा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कार्यबल की मांग स्थिर बनी हुई है, जिसमें 45 प्रतिशत कंपनियां 2025 की पहली छमाही में पढ़ाई पूरी कर निकलने वाले युवाओं (फ्रेशर) को नियुक्त करने की इच्छुक हैं।

टीमलीज की नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भर्ती और मानव संसाधन सेवा कंपनी टीमलीज की जनवरी-जून, 2025 अवधि के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि दूरसंचार क्षेत्र अब भी रोजगार सृजन का एक प्रमुख जरिया बना हुआ है। इस क्षेत्र में 5जी नेटवर्क और क्लाउड सेवाओं का प्रसार होने से नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।



- भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में कार्यबल की मांग स्थिर बनी हुई
- क्लाउड सेवाओं का प्रसार होने से नए रोजगार पैदा हो रहे

*फ्रेशर के लिए अच्छे अवसर : टीमलीज एडटेक के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांतनु रूज ने कहा, "कंपनियां न केवल संचालन बढ़ाने बल्कि अपने नेटवर्क को भविष्य के लिए तैयार करने के मकसद से विशिष्ट प्रतिभाओं को नियुक्त कर रही हैं। आरएफ, साइबर सुरक्षा और क्लाउड पारिस्थितिकी में लक्षित प्रमाणन वाले फ्रेशर के लिए अच्छे अवसर हैं।"*

*शैक्षणिक संस्थानों को पाठ्यक्रम बनाने का सुझाव: दूरसंचार क्षेत्र की तेजी से बदलती भूमिकाओं को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम को नए सिरे से व्यवस्थित करने और उम्मीदवारों को तेजी से कौशल हासिल करने में मदद करने का सुझाव दिया गया है।*

### आईटीसी होटल्स का मुनाफा बढ़कर 257.85 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 257.85 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि राजस्व बढ़ने के कारण हुई। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 216 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। आईटीसी होटल्स ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 1,060.62 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,015.4 करोड़ रुपये रही थी।


**कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 388/न पा /लो .नि ./2025 रतनपुर दिनांक 14 .05 .2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | Bid Due Date | Physical Doc Submission End Date |
|---|---|---|---|---|
| 167938 | जिला मराठा समाज बिलासपुर का रतनपुर श्री खण्डोबा सामुदायिक परिसर के पास निर्माण एवं सौदर्यीकरण कार्य | 14.93 | 05 .06 .2025 | 06 .06 .2025 |
| 167939 | वार्ड क्रमांक 04 पुलिस स्टेशन से महामाया चौक तक कांक्रीट ब्लॉक निर्माण कार्य | 13.99 | 05 .06 .2025 | 06 .06 .2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc. cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद् रतनपुर


# कॉल न होने व कट होने से 89% मोबाइल उपभोक्ता परेशान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं को कॉल कनेक्ट होने में समस्या के अलावा कॉल अचानक कट जाने की स्थिति का भी सामना करना पड़ा है जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने अक्सर ऐसी स्थिति आने की शिकायत की है। लोकल सर्किल्स के एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है।

लोकल सर्किल्स ने पिछले तीन महीनों में एक सर्वेक्षण किया था कि क्या कॉल कनेक्टिविटी से संबंधित नए नियम आने से कोई अपेक्षित प्रभाव पड़ा है। इस सर्वेक्षण में भारत के 342 जिलों में रहने वाले लोगों से 56,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण में शामिल 89 प्रतिशत मोबाइल उपभोक्ताओं ने कॉल कनेक्ट न होने और कॉल कट जाने की समस्या का सामना करने की बात कही जबकि 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं को अक्सर इसका सामना करना पड़ता है।



### 12 महीने में कोई सुधार नहीं

सर्वेक्षण के नतीजे बताते हैं कि कॉल कनेक्ट न होने और बीच में ही कट जाने की समस्या में पिछले 12 महीनों में कोई सुधार नहीं हुआ है। कॉल जुड़ने में समस्या और अचानक कॉल कटने के कारण उपभोक्ताओं को कई बार डेटा/वाई-फाई कॉल (व्हाट्सएप, फेसटाइम, स्काइप) करने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि वे नियमित मोबाइल नेटवर्क से जुड़ नहीं पा रहे थे।


**कार्यालय नगर पंचायत जरहागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 39/न.पं/लो. नि. / 2025-26 जरहागांव, दिनांक 14/05/2025

**ई-प्रोक्युमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत जरहागांव द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | ऑनलाईन निविदा प्रारंभ होने का दिनांक | अनु. व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि (FDR) | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र शुल्क (DD) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 168392 | WARD NO. 12 CONSTRUCTION OF NAGAR PANCHAYAT OFFICE BUILDING | 14.05.2025 | 92.56 | RS 69500.00 | 12 MONTH | RS 3000.00 |

टीप:- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in/ में अवलोकन किया जा सकता है। 2. ई-प्रोक्युरमेंट बीड़ सम्मिट करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 को समय शाम 5:30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 04/06/2025 समय शाम 5:30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 05/06/2025 समय दोपहर 01:00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत जरहागांव


## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5868



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 5867 का हल



## सूडोकु नवताल- 5878

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल- 5877 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग में आईटी...

पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने का लक्ष्य को लेकर बनाई गई है। परिवहन विभाग ने यह नीति लागू करने के पहले राजपत्र में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है और 30 दिनों के भीतर दावा आपत्ति आमंत्रित किया है।

### ड्राइवरों के लिए...

प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करेगा। साथ ही, नीति में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान शामिल किए गए हैं, जैसे कि महिला यात्रियों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन और रात के समय महिला चालकों की उपलब्धता को प्रोत्साहन।

### 44 डिग्री में नक्सली...

प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा बलों के जवान उपस्थित थे।

### भीषण गर्मी में...

के सुदूर इलाकों में अनेक तरह की सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने फिर दोहराया मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य है।

### नक्सल पीड़ित...

प्रोजेक्ट नक्सल पीड़ित व आत्मसमर्पित परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

### नक्सल मुठभेड़ में...

शाह को अवगत कराया। ये जवान हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कुर्रगुट्टालू पहाड़ में नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान घायल हुए थे।

### कंठी घाट में...

हो गए। घायलों में से 9 लोगों को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि शेष घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय बलरामपुर में जारी है। इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। फिलहाल पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बेलकोना के धारानगर निवासी अनिल तिग्गा की शादी झारखण्ड के बरगढ़ में तय हुई थी। 15 मई को उत्साह के माहौल में बाराती बस में सवार होकर झारखण्ड के लिए रवाना हुए थे। बताया जा रहा है कि बस में महिलाओं, बच्चों समेत 70 से 80 बाराती शादी में जाने के लिए निकले थे। बारातियों से भरी जैसे ही चांदो थाना अंतर्गत कंठी घाट पर पहुंचा तो बस की रफ्तार काफी अधिक थी और चालक बस को मोड़ नहीं पाया और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर ऊपर खाई से नीचे गिर गई। बस खाई से नीचे घाट की दूसरी सड़क पर आकर रुक गई लेकिन इस घटना के बाद बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

### क्षमता से अधिक...

बारात के लिए बस की बुकिंग ले ली। इसके साथ ही बस में क्षमता से अधिक लोगों को भरा गया था। वहीं चांदो मार्ग भी निर्माणाधीन है। वहीं चालक बस को बेहद लापरवाही पूर्वक चला रहा था जिससे यह घटना हुई। फिलहाल घटना के बाद चालक के बारे में जानकारी सामने नहीं आ पाई है। पुलिस द्वारा बस को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

### यूपीएससी सीएसई...

यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 2026 का एग्जाम कैलेंडर चेक और डाउनलोड कर सकते हैं, ताकि उचित समय पहले यूपीएससी भर्ती परीक्षा की तैयारी कर सकें।
यूपीएससी वार्षिक परीक्षा कैलेंडर में सिविल सेवा (प्रारंभिक और मुख्य), एनडीए और एनए, सीडीएस, इंजीनियरिंग सेवा और अन्य सहित प्रमुख भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम का विवरण दिया गया है। एनडीए और एनए (I) और सीडीएस (I) परीक्षाएं 12 अप्रैल 2026 को निर्धारित हैं। एनडीए व एनए (II) और सीडीएस (II) 13 सितंबर 2026 को आयोजित की जाएंगी।

### निजी स्कूलों में...

विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं। वहीं इस मामले में सुकमा सबसे पिछड़ गया है। यहां के मात्र 88 बच्चों के नाम ही लॉटरी में आए हैं। ऐसा आवेदन संख्या के कारण है। जिन जिलों में पालकों के अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, वहां अधिकतर सीटें आवंटित हो गई हैं।

### राजनांदगांव से बेहतर...

और दुर्ग में 4807 आवेदन जांच के बाद सही पाए गए। बिलासपुर में 3760 व दुर्ग में 3097 बच्चों को सीट आवंटित हुई है।

### सबसे कम आवेदन...

सुकमा दूसरे पायदान पर है। यहां मात्र 144 पालकों ने आवेदन भरे। इनमें से 35 को निरस्त करते हुए शेष 119 को स्वीकार किया गया। प्रथम चरण में 88 सीटों पर प्रवेश हुए हैं।

### आठ साल से ...

से अपनी सहेली पूजा के साथ भिलाई आ गई। यहां पिछले 2 सालों से वह नेहरू चौक सुपेला भिलाई स्थित सूरज साव के मकान में निवास कर रही थी। अपनी पहचान छिपाकर किराए में रहती थी।

### मेरिट के साथ...

साथ-साथ ही संस्कृत विद्यामंडलम की भी परीक्षा आयोजित की गई थी, ताकि एक ही छात्र दोनों बोर्ड की परीक्षा में शामिल ना हो सके।

### हरिभूमि के खुलासे...

दिल्ली की एक एजेंसी को यह कार्य सौंपा गया है। पिछली बार उत्तरपुस्तिका जांच के दौरान जिन छात्रों को कम अंक मिले थे, उन्हें भी कंप्यूटर में अंक भरते समय उत्तीर्ण कर दिया गया था। यही नहीं, परीक्षा में शामिल नहीं होने वाली छात्रों को भी इतने अंक दे दिए गए थे कि वो प्रदेश में अव्वल आई थी। हरिभूमि के खुलासे के बाद मेरिट लिस्ट सहित संपूर्ण परीक्षा परिणाम ही रद्द कर दिए गए थे।

### राहत नहीं, फटकार...

पहले हमें नहीं सुना। सीजेआई ने कहा कि आप हाईकोर्ट के समक्ष क्यों नहीं गए? हम शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई करेंगे। 24 घंटे में कुछ नहीं होगा। यह कहते हुए कोर्ट ने विजय शाह के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। गौर हो कि शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर आम सभा में विवादित बयान के बाद उनके खिलाफ महू तहसील स्थित मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद की गई। विजय शाह के खिलाफ यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता की तीन गंभीर धाराओं – धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत दर्ज की गई, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### मंत्री के खिलाफ...

संज्ञेय अपराध दर्शा सके। अदालत ने टिप्पणी की कि इसे इस तरह से ड्राफ्ट किया गया है कि रद्द किया जा सके। बेंच ने आगे कहा, एफआईआर में कुछ भी नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि एफआईआर इस तरीके से ड्राफ्ट की गई है, जिसमें अभियुक्त की करतूतों का जिक्र नहीं है। एफआईआर को अगर चुनौती दी गई तो आसानी से रद्द हो सकती है। ये एफआईआर अदालत के विश्वास पर खरी नहीं उतरती है। हाई कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि एफआईआर में सुधार किया जाए। बिना किसी हस्तक्षेप और दबाव के एफआईआर और जांच आगे बढ़ाई जाए। वेकेशन के बाद मामले में सुनवाई होगी।

### दो यात्री बसों में...

नुकसान हो गया था। फिलहाल आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि आस पास मौजूद कचरे और सूखे पत्तों के कारण आग लगी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि शहर के रामानुजगंज रोड रोड निवासी रिफत उल्लाह द्वारा सानिया बस के नाम से बसों का संचालन किया जाता है। संचालक द्वारा बसों को दिल्ली तक चलाया जाता था लेकिन फिलहाल बसों का परिचालन बंद होने के कारण उन्हें संजय पार्क के सामने खड़ी किया गया था। इस दौरान 11 से 11.30 बजे के बीच अचानक ही दोनों बसों में आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

### ट्रांसफार्मर तक...

राजमार्ग 343 पर आवागमन बाधित हो गया था। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा परिवर्तित मार्ग से आवागमन को बहाल कराया गया।

### सरेंडर कर दो...

जैश ए मोहम्मद के एक आतंकी का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह अपनी मां से वीडियो कॉल पर बातें करता दिखाई दे रहा है, जहां उसकी मां उससे सरेंडर करने के लिए गुहार लगा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस क्लिप को लेकर दावा किया जा रहा है कि नजीर वानी नाम का यह आतंकी एनकाउंटर से ठीक पहले अपनी मां से बात कर रहा है। उसके हाथ में एक एके-47 भी है। वीडियो में आतंकी की मां कहती है, सरेंडर कर दो। वहीं आतंकी अपनी मां की बात पर जवाब देता है, सेना को पहुंचने दो, फिर मैं देखूंगा। जानकारी के मुताबिक आतंकी नजीर वानी सेना से छिप कर एक घर में छिपा था, जहां उसने अपने परिवार से बात की। मारे जाने से पहले आतंकी ने अपनी मां के अलावा एक दूसरे आतंकी आसिफ अहमद शेख बहन ने भी बात की। आसिफ भी एनकाउंटर में मारा गया।

### सुप्रीम कोर्ट की...

कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है।

### राज्यपाल की ...

कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी कहा कि राष्ट्रपति किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानसभा के पास वापस भेज सकते हैं। अगर विधानसभा उस विधेयक को फिर से पारित करती है तो राष्ट्रपति को उस पर अंतिम फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि अगर राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सलाह के खिलाफ जाकर फैसला लिया है तो सुप्रीम कोर्ट के पास उस विधेयक को कानूनी रूप से जांचने का अधिकार होगा।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने ...

5. क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है? 6. क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है? 7. क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं? 8. अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की सलाह लेनी चाहिए? 9. क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं। 10. क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है? 11. क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है? 12. क्या सुप्रीम कोर्ट की कोई पीठ अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच को भेजने पर फैसला कर सकती है? 13. क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश/आदेश दे सकता है जो संविधान या वर्तमान कानूनों मेल न खाता हो? 14. क्या अनुच्छेद 131 के तहत संविधान इसकी इजाजत देता है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच विवाद सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही सुलझा सकता है?

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है


सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** एकाउंट एक्जीक्यूटिव, आरटीओ एक्जीक्यूटिव, फील्ड एक्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10:30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरुण सुजुकी राजीव गांधी चौक रायपुर रोड बिलासपुर 9174734567 **(37752)**

**आवश्यकता है-** एक अटेन्डेन्टर ड्राइवर की आवश्यकता है जो घरेलू कार्य में भी हाथ बटाएं ड्यूटी वेतन 11000 रुपए प्रतिमाह। सम्पर्क करें- जूनी लाइन, बिलासपुर 7999792898 **(37753)**

**आवश्यकता है-** छड़, सीमेन्ट दुकान में अनुभवी लेबर, ऑटो, पीकप, ड्राईवर (लाइसेंसी), सेल्स, मार्केटिंग हेतु सेल्समैन लड़के, लड़की चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- लवली ट्रेडर्स, महाराणा चौक जरहाभाठा बिलासपुर 93297 77750, 9301266997 **(37757)**

**आवश्यकता है-** मित्तल फर्नीचर, अमेरी चौक, बिलासपुर में एकाउंटिंग के लिए सिर्फ अनुभवी लड़के की आवश्यकता है। सैलरी 15000 से 20000 रुपए सम्पर्क करें- 8770624224 **(37754)**

**आवश्यकता है-** दोसा दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कें/ लड़कियों, चाइनीज मिस्त्री दोसा मिस्त्री, सप्लायर की आवश्यकता है आवास भोजन की सुविधा सम्पर्क- साउथ इंडियन दोसा 36मॉल के सामने बिलासपुर 93005 18958 **(37756)**

**आवश्यकता है-** एक प्रशिक्षित ड्राइवर एवं फॉर्म हाऊस में परिवार सहित रहकर खेती हेतु तथा दो बच्चों की देखरेख हेतु शिक्षित एवं घर में रहकर सभी प्रकार का खाना, नाश्ता बनाने हेतु चाहिए (खाना, रहना, वेतन योग्यता अनुसार) सम्पर्क करें- 79990 43732, 7697015678 **(37755)**

**आवश्यकता है-**यश सुपर बाजार में कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर एवं लड़कों की आवश्यकता है। पता- (1) व्यापार विहार रोड, भारतीय नगर चौक (2) रिंग रोड नं.-2 महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9329941444 **(37726)**

**आवश्यकता है**
फील्ड सुपरवाइजर
अनुभवी कम्प्यूटर कार्य एवं हिंदी टाइपिंग
घरेलू कार्य एवं वृद्ध महिला की देखभाल हेतु महिला
अनुभवी कार ड्राइवर
सम्पर्क करें
9300611118,7000741112

**आवश्यकता है-** (1) मैकेनिक-4, (2) गाड़ी धुलाई-4 (3) शोरूम सफाई-2 (4) कम्प्यूटर ऑपरेटर-2 (5) पार्ट्स इंचार्ज-1 की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- संजय होण्डा शोरूम रतनपुर 8319205101 **(37750)**

**आवश्यकता है-** कंस्ट्रक्शन साइट कार्य हेतु सिविल इंजीनियर एवं आफिस कार्य हेतु स्मार्ट युवक, युवती की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9691148595 **(37749)**

**आवश्यकता है-** ग्राफिक डिजाइनर की आवश्यकता है। जिसे कोरलड्रा एवं फोटोशॉप का 5वर्ष का अनुभव हो बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- OA-1, छत्तीसगढ़ कॉम्प्लेक्स एमराल्ड होटल के सामने टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 7587403020 **(37746)**

**Required** - Bilaspur based road construction company requires (1) Qualified Senior Civil Engineer (Exp 7 to 10 years in Road and structure) (2) Billing and Planning Engineer (Exp 5 to 7 years) Contact- 9174470000 Email- resume. anandi@ gmail.com **(37743)**

**आवश्यकता है-** (1) हॉस्टल कार्य हेतु लड़के, लड़की (2) रिसेप्शन सम्भालने हेतु स्मार्ट लड़के, लड़कियां (3) पार्सल, खाना डिलीवरी हेतु लड़के (4) इंडियन, चाइनीज खाना बनाने हेतु कुक चाहिए सम्पर्क करें 9329233000 **(37737)**

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में कार्य हेतु लड़कियां चाहिए सेल्सगर्ल (वेतन 7500) हेल्पर (वेतन 5500) रिटेल साड़ी शोरूम में सीखी हुई और उम्र 18 से 30वर्ष की लड़कियां ही सम्पर्क करें- 9691342085 **(37730)**

**आवश्यकता है-** घरेलू काम धूल सफाई, कपड़ों की इस्त्री, अलमारी व्यवस्थित करना एवं अन्य छोटे मोटे कामों हेतु 18 से 24वर्ष की भरोसेमंद लड़की की आवश्यकता है। लड़की अमेरी, मंगला चौक, कुदुदंड, 27खोली के आसपास की रहने वाली होना चाहिए। समय सुबह 8 बजे से 2बजे तक सम्पर्क करें- मंगला, बिलासपुर 9752266239 **(37734)**

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में हेल्पर के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार SBI ATM के पास, रिंग रोड नं-2 बिलासपुर 7470592624 **(37744)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस एवं फील्ड कार्य के लिए अनुभवी युवक की आवश्यकता है। केवल स्नातक पास ग्रेजुएट युवक ही सम्पर्क करें। टैली एवं एक्सेल में काम करने का अनुभव आवश्यक है। पता- जाजोदिया टाइल्स, होटल ग्रैंड अम्बा के सामने, पुराना बस स्टैंड के पास, बिलासपुर 9302247042 **(37722)**

**आवश्यकता है-** चिकन दुकान में काम करने हेतु दो लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- डी.के. चिकन सेन्टर भरनी बस स्टैण्ड बिलासपुर 7974516697, 9752765384 **(37729)**

**आवश्यकता है-** लवली ड्रेसेस सीएमडी कॉलेज मैदान के बगल में, लिंक रोड, बिलासपुर में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है 9893361111, 70001 03010 **(37736)**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में तन्दूर ब्वॉय, वेटर लड़की, लड़का, किचन हेल्पर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, खाना रहना फ्री फ्रेशर लड़के लड़कियां भी सम्पर्क करें- रेस्टोरेंट मुर्ग मसल्लम मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 7879121999 **(37735)**

**आवश्यकता है-**आफिस एक्जीक्यूटिव BE/MBA, कम्प्यूटर ऑपरेटर हिन्दी/इंग्लिश टाइपिंग अंग्रेजी के अच्छे जानकार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- हर्ष इंडस्ट्रीज BE- 12 B- ब्लाक, प्रथम तल राजीव प्लाजा बिलासपुर 9131770141, 9669708100 **(37719)**

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28वर्ष आय 8500 से 18000+ रहना खाना सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड, बिलासपुर 8818877406, 9644433021 **(37747)**

**आवश्यकता है-** ऑटोमैटिक घरेलू गाड़ी चलाने के लिए बिलासपुर निवासी अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- श्याम जाजोदिया, साई होम्स कॉलोनी विद्या नगर बिलासपुर 9300631699, 9009658881 **(37733)**

**आवश्यकता है-** तत्काल भर्ती सुरक्षा गार्ड- 50, फिल्ड आफिसर 5 (कार चलाना जानता हो), कम्प्यूटर आपरेटर (पूर्ण अनुभवी) चाहिए वेतन 9500 से 20000 पता- बालाजी प्लाजा हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़ 8461881111, 8299144824 **(37731)**

**आवश्यकता है-**मेडिकल एजेन्सी में पैकिंग करने तथा माल ट्रांसपोर्ट लेजाने और आर्डर, वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द फार्मा दयालबंद बिलासपुर 91110 00629 (पढ़ाई बाध्य नहीं है) **(37724)**

**आवश्यकता है-**नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु बीएससी नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 **(37720)**

**आवश्यकता है-**फिरोजाबाद बैंगल स्टोर चूड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। समय सुबह 9.30 से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- तेलीपारा, बिलासपुर 9425538825 **(37697)**

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वीं से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री खाने की सुविधा दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो सम्पर्क करें- शाप नं-8 प्रथम तल कमला सुपर बाजार तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 07714036689, 97703 04037, 8120957510 **(046)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, गनमैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कामवाली बाई कार ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 80852 33213, 8518099289, 7417526041 **(37705)**

**आवश्यकता है-**कार ड्राइवर की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष तक ड्यूटी टाइम 10:30 से 8:30बजे तक वेतन 15000 सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 9302708426, 84481 07841 **(662)**

**आवश्यकता है-**(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(37450)**

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय- साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस- 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर (छ.ग.) 7746000016, 77470 00019, 77470 00016, 7746000019 **(074)**

**आवश्यकता है-** ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग कार्य हेतु 5लड़के, 5लड़कियों की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन कार्य समय 10.00 से 8.00, संपर्क - पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 **(6908)**

**आवश्यकता है-**अर्जेंट भर्ती भारतीय वन विभाग को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या 725 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 62500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे- धीरेंद्र कुमार 7392890179 **(871)**

**आवश्यकता है-** सीमेंट सेल्स एवं मार्केटिंग हेतु बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिलों में रहने वाले अनुभवी ASM (Area Sales Manager) की आवश्यकता। शीघ्र संपर्क करें 9754002100 **(6912)**

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- गणेश चौक नेहरू नगर बिलासपुर 9109967353 **(6903)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000/- +कमीशन +बोनस समय 10 से 5:30 पता- रिंगरोड 02 अमेरी चौक अयोध्या नगर बिलासपुर संपर्क करेः- 9201588962 **(6915)**

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर रहकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 25 वर्ष तक लड़कों की आवश्यकता है सैलरी 10000+ रहना फ्री कमीशन+बोनस एक्स्ट्रा संपर्क करें - बिलासपुर 62663 28817 **(6906)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों व महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष तक वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें-मंदिर चौक बिलासपुर 70003 22273 **(6905)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग हेतु 18 से 35 वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5000 से 20000। संपर्क करें मंदिर चौक प्रोटीन वर्ल्ड के पास बिलासपुरः 7470328986 **(6907)**

**आवश्यकता है-** रियल एस्टेट फर्म में पर्सनल कार चलाने हेतु एक ड्राइवर एवं एक साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता, सैलरी योग्यता अनुसार संपर्क करें: 7000827279, 95898 04589 **(6909)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन- 10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000- 25,000/- सम्पर्कः- 8815522974 **(6921)**

**आवश्यकता है-** बैग दुकान में सिलाई कटिंग कार्य हेतु एवं घर काम हेतु (मेड) की आवश्यकता है, महिलायें लड़कियां व लड़के सम्पर्क करें। 9098973726 **(6922)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड संपर्क करें, कार्य स्थल- होंडा शोरूम, कार शोरूम में ( आकर्षक वेतन) तुरंत संपर्क करें - 99816 30084, 9425534940 **(6910)**

**आवश्यकता है-** कुशल लेथ ऑपरेटर, वेल्डर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क करेंः- जोत इंजीनियरिंग कृष्णा जेसीबी के पीछे सेक्टर 'ए' सिरगिट्टी बिलासपुर मो. 7828070065 **(6913)**

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 Am To 7 Pm) सम्पर्कः- 90747 41377 **(6916)**

## बेचना है

**बेचना है-**ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन अपोलो हॉस्पिटल SECL मुख्यालय से मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क करें- 8319251951, 78282 25044 **(054)**

**बेचना है-** बिलासपुर के सबसे रिहायशी अपार्टमेंट (अरिहंत हाइट्स, रिंग रोड) थर्ड फ्लोर में पूर्व मुखी 3BHK फ्लेट नं.- 304 बेचना है। 5 बालकनी, 1060 में 1700 सुपर बिल्डप एरिया सम्पर्क- 77728 05270, 9826164576 **(37758)**

**बेचना है-**तखतपुर मेन रोड पर पुराना बस स्टैण्ड पर स्थित 20×70 वर्गफीट में बना सर्व सुविधा युक्त मकान एवं टिकरीपारा तखतपुर में 82 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 79990 75751 **(37727)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग हैं हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनोरिया (सूजाक), HIV (AIDS) रोग हैं।
● समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
● समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान!
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ**-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे B.Ed, B.A, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Polytechnic, B.Tech, (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 **(7179)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# डब्लूटीसी फाइनल : बंपर प्राइज मनी का ऐलान, विजेता को मिलेंगे 30 करोड़ रुपए, भारत बनेगा 12 करोड़ी

एजेंसी ⏭ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की बंपर प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। इस बार विजेता टीम को पिछले दो टूर्नामेंट के मुकाबले दोगुनी इनामी राशि मिलने वाली है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्लूटीसी 2025 का फाइनल मुकाबला 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को इस बार करीब 30 करोड़ रुपए मिलेंगे और उपविजेता टीम भी मालामाल हो जाएगी, जिसको करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं।




## दोगुनी हुई प्राइज मनी

लंदन के ऐतिहासिक स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र मैच में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत 11 जून से होगी। इस मैच के लिए आईसीसी ने 5.76 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब सवा 49 करोड़ रुपए इनाम के तौर पर बांटने का फैसला किया है। पिछले दो एडिशन्स के मुकाबले इस बार की प्राइज मनी दोगुनी से भी ज्यादा है। इसमें से खिताबी जीत हासिल करने वाली टीम को 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब पौने 31 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं, हारने वाली टीम को 2.16 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 18 करोड़ रुपए मिलने वाले हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें 2021 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की विजेता न्यूजीलैंड और 2023 के डब्लूटीसी फाइनल की विजेता ऑस्ट्रेलिया को 1.6-1.6 मिलियन यूएस डॉलर यानी करीब साढ़े 13-13 करोड़ रुपए मिले थे। दोनों बार भारतीय टीम मुकाबले हारी थी। दोनों बार भारत को 8-8 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। भारतीय मुद्रा में ये रकम पौऐ सात करोड़ के आसपास बैठती है। इस तरह इस बार आईसीसी ने दिल खोलकर इस फॉर्मेट की चैंपियन टीम के लिए इनामी राशि देने का फैसला किया है।

## टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा भारत



सिर्फ विजेता-उपविजेता ही नहीं, बल्कि आईसीसी ने तीसरे से नौवें नंबर तक वाली टीम को भी प्राइज मनी में से हिस्सा दिया है। तीसरे नंबर पर इस बार भारत रहा है, जिसे 1.44 मिलियन यूएस डॉलर (12 करोड़ 32 लाख रुपए) और नंबर चार रहने वाली न्यूजीलैंड की टीम को 1.2 मिलियन यूएस डॉलर यानी 10 करोड़ 26 लाख रुपए मिलने वाले हैं। पांचवें नंबर पर इंग्लैंड थी, जिसे 9 लाख 60 हजार यूएसडी, छठे नंबर वाली श्रीलंका की टीम को 8 लाख 40 हजार यूएसडी, सातवे नंबर वाली बांग्लादेश की टीम को 7 लाख 20 हजार यूएसडी, 8वें नंबर पर विराजमान रहने वाली वेस्टइंडीज की टीम को 6 लाख यूएसडी और नौवें नंबर पर रहने वाली पाकिस्तान की टीम को 4 लाख 80 हजार यूएसडी मिलेंगे।

## खबर संक्षेप



### टीम को घबराने की जरूरत नहीं : संजय

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मांजरेकर ने 'फैब फोर' (सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा, 'मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना।'

### सौ फीसदी नहीं दे पाने से खुश नहीं थे कोहली

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का अपार योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक है और किसी भी 'सामान्य' चीज से संतुष्ट न होने की उनकी अदम्य भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास लेने के फैसले के लिए प्रेरित किया। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ले ली। छत्तीस वर्ष के कोहली टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े प्रचारक ही नहीं थे बल्कि भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी थे। हुसैन ने कहा, 'वह चैंपियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिए बेचैन रहता है।'

### पहले खेलो इंडिया बीच खेल दीयू में 19 से

**नई दिल्ली।** पहले खेलो इंडिया बीच खेलों का आयोजन दीयू में 19 से 24 मई के बीच किया जाएगा जिसमें 36 प्रदेशों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। पहली बार खेलो इंडिया की 'खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास' योजना के तहत इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मीडिया को बताया कि बीच खेलों की लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढाने के लिये खेलो इंडिया योजना के तहत इनका आयोजन किया जा रहा है।




### मालदीव के खिलाफ आज भारत की नजरें जीत पर

**यूपिया।** भारतीय अंडर-19 फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां होने वाले सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में मालदीव के खिलाफ जीत की लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नेपाल और बांग्लादेश भी इसी दिन पहले सेमीफाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। भारत ने ग्रुप बी के अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों श्रीलंका (8-0) और नेपाल (4-0) को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया और मालदीव से भिड़ने के लिए तैयार है जो ग्रुप ए में जीत दर्ज किए बिना भी अजेय रहा। मालदीव ने ग्रुप ए में बांग्लादेश और भूटान के खिलाफ अपने दोनों ग्रुप मैचों में 2-2 से ड्रॉ खेला।

इंग्लैंड दौरे को लेकर बीसीसीआई के सामने टीम संयोजन की चुनौती

# नंबर-4 के चार दावेदार, कोहली की जगह लेने के लिए तैयार बल्लेबाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून को शुरू होगी। उससे पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास लेकर सबको चौंका दिया है। ओपनिंग में रोहित की जगह लेने के लिए कई दावेदार तैयार हैं, लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि टेस्ट में नंबर-4 पर विराट की जगह कौन लेगा? महान सचिन तेंदुलकर और विराट ने लंबे समय तक इस क्रम को संभाले रखा है। दुनिया के दो बेहतरीन बल्लेबाज इस क्रम पर भारत के लिए खेले हैं। अब टीम इंडिया के सामने चुनौती है कि तेंदुलकर और कोहली के बाद इस नंबर पर कौन उतरेगा? हम ऐसे पांच खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं जो विराट के बाद नंबर-4 को संभाल सकते हैं...



## शुभमन गिल : 1893 रन

रोहित शर्मा के संन्यास के बाद कप्तानी की दावेदारों में शुभमन गिल सबसे आगे हैं। वह भारत के लिए 32 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 35.05 की औसत से उन्होंने 1893 रन बनाए हैं। शुभमन के पास बेहतरीन तकनीक है और वह तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनरों के खिलाफ भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल ने अब तक नंबर-4 पर बैटिंग नहीं की है, लेकिन टीम मैनेजमेंट उन्हें विराट की जगह पर भेजकर नया दांव खेल सकता है।

## राहुल : 3257 रन

रोहित और विराट के संन्यास के बाद टीम इंडिया की बैटिंग में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ही हैं। वह अब तक 58 टेस्ट मैचों में 3257 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनका औसत 33.57 का रहा है। राहुल ने विदेशओं में 38 टेस्ट मैच खेले हैं और 31 की औसत से 2108 रन बनाए हैं। वह अलग-अलग नंबरों पर खुद को एडजस्ट कर लेते हैं। राहुल ने पहले से छठे नंबर तक टेस्ट में बल्लेबाजी की है। चौथे क्रम पर उन्हें एक मुकाबले में मौका मिला है। उन्होंने 2 पारियों में 108 रन बनाए हैं। इस दौरान 86 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा है। मौजूदा परिस्थितियों में इस क्रम को संभालने के लिए सबसे अनुभवी दावेदार राहुल ही हैं।



## नायर : वापसी का भरोसा



भारत के लिए 6 टेस्ट खेल चुके करुण नायर को 2017 से टीम में वापसी का इंतजार है। उन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट के पिछले सीजन में बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन किया है और वह टीम में आने के दावेदार हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उनका चुना जाना तय है। नायर ने डोमेस्टिक के साथ-साथ हाल के समय में इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में भी अच्छी बल्लेबाजी की है। वह 33 साल के हैं और उनके पास 114 फर्स्ट क्लास मैचों में खेलने का अनुभव हैं। नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में तिहरा शतक भी लगाया है। अगर उन्हें चौथे क्रम पर मौका मिलता है तो वह टीम को संकट से बाहर निकालने की क्षमता रखते हैं।

## सुदर्शन : डेब्यू का इंतजार



आईपीएल में रनों की बारिश करने वाले साई सुदर्शन तकनीकी रूप से काफी मजबूत हैं। वह तेजी से रन बनाने वाले फॉर्मेट में भी क्लास दिखाते हैं और पारंपरिक शॉट्स से ज्यादा रन बटोरते हैं। सुदर्शन को अभी टेस्ट में डेब्यू का मौका नहीं मिला है। वह 3 वनडे और 1 टी20 मैच खेल चुके हैं। सुदर्शन ने 29 फर्स्ट क्लास मैचों में 39.93 की औसत से 1957 रन बनाए हैं। उनके नाम 7 शतक और 5 अर्धशतक हैं। कई एक्सपर्ट उन्हें अगला सुपरस्टार मानते हैं और वह विराट की जगह नंबर-4 पर खेल सकते हैं।

आईपीएल

# गुजरात को प्ले-ऑफ में खलेगी बटलर की कमी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंग्लैंड के टी20 स्टार खिलाड़ी जोस बटलर गुजरात टाइटन्स के आखिरी तीन लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग प्ले-ऑफ उनके देश की 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान ही होंगे।

'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के कुसल मेंडिस प्ले-ऑफ चरण के दौरान बटलर की जगह लेंगे। इंग्लैंड के अन्य मुख्य खिलाड़ियों में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मोईन अली के अलावा जोफ्रा आर्चर (राजस्थान रॉयल्स), सैम करन और जेमी ओवरटन (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) भी वापस नहीं आ रहे हैं। हालांकि लियाम लिविंगस्टोन ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड के साथ टूर्नामेंट के बचे हुए हिस्से के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हो रहे हैं।

## इंग्लैंड में साउदी बने विशेषज्ञ सलाहकार



**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउदी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे।

# दोहा चरण से अभियान का आगाज करेंगे चोपड़ा

एजेंसी ⏭ दोहा

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरूआत करेंगे तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा।

नीरज का सामना दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं।




## जेना 11 प्रतियोगियों में शामिल

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवे स्थान पर रहे थे। वाडलेश ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे। चोपड़ा ने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी क्रमशः पुरूष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे।

### *हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे*

*स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी। पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर अपशब्दों का सामना करना पड़ा था क्योंकि इस स्टार एथलीट ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था।*

# शेफाली टी20 टीम में शामिल फिट यास्तिका की भी वापसी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की गुरुवार 28 जून से ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई, उन्हें सात महीने के अंतराल के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। शेफाली खराब फॉर्म के कारण अक्टूबर 2024 से भारतीय टीम से बाहर थीं। पर उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में जगह नहीं मिली जिसकी घोषणा भी गुरुवार को ही की गई। महिला प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें उन्होंने 152 के स्ट्राइक-रेट से नौ मैच में 304 रन बनाए। वापसी करने वाली एक अन्य खिलाड़ी विकेटकीपर यास्तिका भाटिया हैं जो महिला बिग बैश लीग के दौरान कलाई की चोट के कारण पिछले नवंबर से बाहर थीं। वह वनडे टीम का भी हिस्सा हैं। यास्तिका के अलावा दोनों टीमों में अन्य विकेटकीपर ऋचा घोष हैं।




## राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल 21 से



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्तिवार को घोषणा की कि शॉटगन स्पर्धाओं (ट्रैप और स्कीट) के लिए चयन ट्रायल दो और तीन क्रमशः नयी दिल्ली और भोपाल में 21 मई से एक जून तक आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल इस साल के अंत में होने वाले दो आईएसएसएफ विश्व कप (इटली और यूनान), 16वीं एशियाई चैंपियनशिप (कजाकिस्तान), आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (भारत - सितंबर) और तीसरे एशियाई युवा खेलों (बहरीन - अक्टूबर) सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के लिए भारतीय टीम के चयन में मदद के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।


## कार्यालय, नगर पंचायत सरसींवा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/55/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 सरसींवा, दिनांक 14/05/2025

**तृतीय ई निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Date of issue of Tender :- 15.05.2025, 05:00 PM से
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid :- 27.05.2025, 05:00 PM तक
3. Last Date for Submission of physical bid :- 30.05.2025, 05:00 PM तक
4. Bid Open Date :- 02.06.2025 11:00 AM से

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 168513 | केशरवानी मंगल भवन से चोराहा जलाशय तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 13 | 28,87 | 21655.00 | 1500.00 | 03 माह (वर्षाऋतु को छोड़कर) | 30.05.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरसींवा,
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

क्रम सं. (1): ई–निविदा संख्या: DRM-ENGG-BSP-T-39-2025-26. दिनांक: 14.05.2025.
कार्य : बिलासपुर मंडल अंतर्गत 1 किमी (इलेक्ट्रॉनिक प्रकार) के डाउन प्रभाव वाले ट्रैक आधारित गेज फेस रेल लुब्रेकेटर की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन कार्य (05 वर्षो के लिए)।
निविदा मूल्य : ₹ 31,25,05,056/-। अमानत राशि : ₹ 17,12,500/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 60 माह।

क्रम सं. (2): ई–निविदा संख्या: DRM-ENGG-BSP-T-40-2025-26. दिनांक: 14.05.2025.
कार्य : बिलासपुर मंडल में सहायक मंडल अभियंता/रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सक्ती में बैलास्ट साइडिंग का विकास कार्य।
निविदा मूल्य : ₹ 2,34,79,173.84/-। अमानत राशि : ₹ 2,67,400/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि : दिनांक 26.05.2025। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 09.06.2025 को 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआर/10/58 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक:CPM/EL / 2025-26 / 02, (खुली निविदा) (टू पैकेट सिस्टम)
कार्य : एस.ई.सी.आर. के नागपुर डिवीजन के दुर्ग-नागपुर (दोनों यार्ड रहित ) के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (264 आरकेएम /792 टीकेएम)
निविदा मूल्य : रु. 266,28,60,262/- (दो सौ छैसठ करोड़ अट्ठाइस लाख साठ हजार दो सौ बैसठ रूपए) अमानत राशि: रु. 1,00,00,000/- कार्य पूरा होने की अवधि: 24 (चौबीस) माह। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 30.05.2025 को 15:00 बजे। निविदा खोलने का समय एवं दिनांक : 30.05.2025 को 15:30 बजे
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के कार्यालय, पुराना कंस्ट्रक्शन भवन, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय के बगल, बिलासपुर पिन : 495004 में संपर्क करे अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर / देख सकते हैं।

उप मु.वि.इंजी./परियोजना
कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)
सीपीआर/10/AM/48 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल
अनुलग्नक—अ

**कार्य का विवरण:–** बिलासपुर मंडल के किरोड़ीमल (KDRT) रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित परिचालन क्षेत्र/स्थान पर दो पहिया वाहनों के पार्किंग कार्य के लिये लाइसेंस आबंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। 3 (तीन) साल की अवधि के लिये बिलासपुर मंडल के किरोड़ीमल (KDRT) रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित परिचालन क्षेत्र/स्थान पर दो पहिया वाहनों के पार्किंग कार्य के लाइसेंस आबंटन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की गयी है। केटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर दिनांक 07–05–2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:–

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| PARK-KDTR-2W-2 | PARKING Two Wheeler | 22-05-25 10:00:00 | PARKING-BSP-KDTR-TW-44-25-1 | बिलासपुर मंडल के किरोड़ीमल (KDRT) रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित परिचालन क्षेत्र/स्थान पर दो पहिया वाहनों के पार्किंग कार्य के लाइसेंस | 1095 दिनों |

सीपीआर/10/FL/55 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर, छ.ग.

विविध प्रकरण क्रमॉक- 52/ब-121/2024-25
आगामी पेशी तारीख - 26.05.2025

Aavas Financiers Ltd.
Bilaspur Branch, Bilaspur (C.G.) ........ ........ आवेदक

**विरूद्ध**

1. रामधन सूर्यवंशी पिता रेवाराम,
निवासी-आवास पारा, घुरू, तिफरा तहसील व जिला बिलासपुर
2. श्रीमती कमला बाई पति रेवाराम
निवासी-वार्ड नं. 03 सूर्यवंशी मोहल्ला घुरू, तहसील व जिला बिलासपुर
3. श्रीमती प्रमिला सूर्यवंशी पति रामधन
निवासी-आवास पारा, घुरू, तिफरा
तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0) ........ ........ अनावेदकगण

'''00'''

अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक Aavas Financier Ltd. Bilaspur Branch द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा-14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर, मौजा-बोदरी, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 147/04, रकबा 436 वर्गफीट प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु दिनॉक 26 मई 2025 के लिये नियत है। दिनांक 26 मई 2025 को दिन के 3.30 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि 26 मई 2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनॉक-28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेशित)
स्थान : बिलासपुर
दिनॉक: 28.04.2025

कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
हेतु जिला दण्डाधिकारी,
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### हमारे अभियान भारत की सुरक्षा पर केंद्रित



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के अभियानों की योजना इस तरह से तैयार की गई है ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इसरो 101वें प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। नारायणन ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे सभी अभियान देश के लोगों और इसकी सुरक्षा के लिए हैं।

### 30 करोड़ से ज्यादा की नकली दवाएं जब्त, 68 गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली दवा के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए 2024-25 में 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। यहां जारी एक अधिकारिक बयान के मुताबिक विभाग ने पिछले एक साल के दौरान पूरे प्रदेश में 1039 छापेमारी अभियान चलाए और इस दौरान 13,848 नमूने एकत्र किये।

### दो सूडानी छात्रों पर चाकू से हमला, एक की मौत



**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के पास सुबह की नमाज पढ़ रहे सूडानी विद्यार्थियों पर छह लोगों ने चाकू से हमला कर दिया जिससे एक छात्र (25 वर्ष) की मौत हो गई और एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मोहम्मद वाडा बाला यूसुफ अहमद के रूप में हुई है, जो यहां माहेरू कॉलोनी में 'पेइंग गेस्ट' के रूप में रह रहा था।

# रेप के दोषी व पीड़िता ने जताई शादी की इच्छा, सुप्रीम कोर्ट ने सजा की निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रेप के दोषी की सजा निलंबित कर दी। इसकी वजह ये है कि दोषी और पीड़िता ने एक-दूसरे से शादी करने की इच्छा जताई थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने जोड़े को कोर्ट रूम के अंदर ही उन्हें एक-दूसरे को फूल देने के लिए कहा। सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्ति से महिला को प्रपोज करने का आग्रह करने से पहले कहा, हमने लंच सेशन में दोनों से मुलाकात की। दोनों ने एक-दूसरे से शादी करने की इच्छा जाहिर की है। बता दें कि 6 मई के निर्देश के अनुसार याचिकाकर्ता आज इस कोर्ट के समक्ष पेश हुआ। उसे वापस जेल भेजा जाएगा और जल्द से जल्द संबंधित सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## कोर्ट ने निर्धारित अनिवार्य अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने के दिया निर्देश

### शादी की डिटेल्स परिजन तय करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्ति की सजा निलंबित करते हुए कहा कि वो (रेप का दोषी और पीड़िता) एक-दूसरे से शादी करने के लिए तैयार हैं। शादी की डिटेल माता-पिता द्वारा तय की जाएगी। हमें उम्मीद है कि शादी जल्द से जल्द हो जाएगी। ऐसी परिस्थितियों में हम सजा निलंबित करते हैं और याचिकाकर्ता को रिहा करते हैं।

### जानें क्या है मामला

बता दें कि दोषी ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के 5 सितंबर 2024 के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें सीआरपीसी की धारा 389 (1) के तहत सजा के निलंबन के लिए उसके आवेदन को खारिज कर दिया गया था। उसके खिलाफ 2021 में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें उस पर 2016 से 2021 के बीच शादी का झूठा वादा करके पीड़िता से बार-बार रेप करने का आरोप लगाया गया था।



### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को निर्देश

वहीं, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों से विशेष रूप से निपटने के लिए प्राथमिकता के आधार पर समर्पित पॉक्सो अदालतें बनाए। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पी बी वराले की पीठ ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या कम होने के चलते सुनवाई पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है।


### फेसबुक के जरिए हुई थी पहचान

एफआईआर के अनुसार, व्यक्ति की महिला से फेसबुक के जरिए मुलाकात हुई थी। वह उसकी बहन की दोस्त थी। उनके बीच बातचीत प्रारंभ हुई और उसके बाद प्रेम हुआ और फिर शारीरिक संबंध बने। आरोप है कि हर बार उसने उसे आश्वासन दिया कि वह उससे शादी करेगा। बाद में जब युवती ने उससे शादी करने कहा तो वह मुकर गया। युवती की रिपोर्ट पर युवक के ऊपर मामला दर्ज किया गया था।

## भारत ने रखा खास ध्यान, आबादी को न हो कोई नुकसान

# 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने दिखाई पूरी दुनिया को स्वदेशी हथियारों की ताकत

*नई दिल्ली। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारत ने सटीक हमले करते हुए पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत ने पूरा ध्यान रखा कि कहीं भी नागरिक आबादी और ढांचों को नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया। इसमें भारत के स्वदेशी हथियारों और तकनीकों की अहम भूमिका रही। स्वदेशी तकनीकों ने सेना की मदद की जिसका डंका बज रहा है।*




### भारत ने सटीकता से तबाह किए लक्ष्य

पूरे अभियान के दौरान भारत ने चुन-चुनकर केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। भारत के हथियार इतने सटीक थे कि 4-5 इमारतों के बीच मौजूद आतंकी ठिकानों पर जाकर ही गिरे। मीडिया से डीआरडीओ के एक पूर्व निदेशक ने कहा, इस तरह की क्षमता डीआरडीअ, इसरो और अन्य संस्थानों में सालों की रिसर्च का परिणाम है। इस दौरान हमें असफलताओं और असफलताओं का सामना करना पड़ा है।

### भारत ने कैसे हासिल की सटीकता?

पूर्व निदेशक ने कहा, ब्रह्मोस मिसाइलों में अत्याधुनिक मार्गदर्शन प्रणाली है, जिन्हें सालों में विकसित किया गया है। कार्टोसैट, रिसाट और ईओएस श्रृंखला के उपग्रह उपमहाद्वीप पर 24 घंटे नजर रखते हैं। इनमें से कुछ उपग्रह 25-30 सेंटीमीटर छोटी वस्तुओं की पहचान कर सकते हैं। नेविस 10-20 सेंटीमीटर तक सटीक रहता है। ये भारतीय हथियारों का सटीक निशाना लगाना संभव बनाती हैं। भारतीय वैज्ञानिक इन क्षमताओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### भारतीय सेना के बेड़े में ये घातक मिसाइलें शामिल

भारतीय वायु रक्षा प्रणाली में ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल, डी4 ड्रोन-रोधी सिस्टम और समर प्रणाली शामिल है। ध्वनि की गति से करीब 3 गुना तेजी से उड़ने वाली ब्रह्मोस को पनडुब्बी, जहाज, विमान और जमीन से दागा जा सकता है। आकाश को भारत का 'आयरन डोम' भी कहा जाता है। ये 25 किलोमीटर की दूरी पर एक साथ 4 लक्ष्यों को निशाना बना सकता है। पाकिस्तानी ड्रोन को तबाह करने के लिए समर प्रणाली का भी इस्तेमाल किया गया है।

### वायु रक्षा प्रणाली में स्वदेशी रडार शामिल

भारत की वायु रक्षा में कई स्वदेशी रडार शामिल हैं। इनमें राजेंद्र, रोहिणी 3डी निगरानी रडार, 3डी लो-लेवल लाइटवेट रडार और लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार शामिल थे। डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक ने कहा, स्वदेशी रडार ने युद्ध के मैदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विरोधी ड्रोन और हवाई संपत्तियों की ट्रैकिंग इन अत्याधुनिक तकनीकों की वजह से ही संभव हो पाया है। डीआरडीओ में रडार तकनीक पर बहुत सारे शोध चल रहे हैं।

# मुस्लिम दूसरी शादी तभी करें जब सभी पत्नियों संग समान व्यवहार हो

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद हाई कोर्ट एक बार फिर अपनी टिप्पणी को लेकर चर्चा में है। मुरादाबाद के फुरकान और 2 अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पुरुष तभी दूसरी शादी करें, जब वह सभी पत्नियों के साथ समान व्यवहार कर सके। न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल यह भी कहा कि इस्लाम में कुरान ने उचित कारणों से बहुविवाह की अनुमति दी है, लेकिन पुरुष इसका दुरुपयोग स्वार्थी उद्देश्यों के लिए करते है।



### क्या है मामला?

यह मामला 2020 का है, जब मुरादाबाद की एक महिला ने फुरकान, खुशनुमा और अख्तर अली के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि फुरकान ने महिला को अंधेरे में रखा और शादीशुदा होने के बावजूद उससे दूसरी शादी की और इस दौरान फुरकान ने उसका रेप भी किया था।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/
एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं
हिपेटोलॉजी विभाग
• पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
• पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

Hero
XTREME 125R
THE MOST ADVANCED 125CC
CHALLENGE THE EXTREME
NOW AVAILABLE IN SINGLE SEAT



SINGLE SEAT
First in Segment# SINGLE CHANNEL ABS
MONOSHOCK SUSPENSION BY SHOWA
SPRINT-EBT Engine
STARTING PRICE ₹98,807##
LOW DOWN PAYMENT ₹9,999~
Toll Free Number: 1800 266 0018
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant in Chattisgarh. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply. ~Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**
अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबाः शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसीः 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेलीः महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्सः 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापालीः साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.
FCB INTERFACE/2350/MAY25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com